दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
मुरादाबाद से प्रकाशित
बर्षः- 04
अंकः- 63
मुरादाबाद
23 June 2024
(Sunday)
पृष्ठः- 8
मूल्यः- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## भारत-बांग्लादेश के बीच 10 अहम समझौते, पड़ोसी देश के लोगों को मिलेगी मेडिकल ई-वीजा की सुविधा



बांग्लादेशी पीएम ने कहा कि %भारत हमारा प्रमुख पड़ोसी, भरोसेमंद मित्र और क्षेत्रीय साझेदार है। बांग्लादेश भारत के साथ अपने संबंधों को बहुत महत्व देता है, जो 1971 के मुक्ति संग्राम से शुरू हुए थे।% भारत और बांग्लादेश ने शनिवार को समुद्री क्षेत्र और समुद्री अर्थव्यवस्था ( ब्लू इकॉनोमी ) में संबंधों को बढ़ावा देने सहित कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बांग्लादेशी पीएम शेख हसीना के बीच व्यापक बातचीत के बाद समझौतों को अंतिम रूप दिया गया। दोनों पक्षों द्वारा हस्ताक्षर किए गए इन समझौतों में डिजिटल डोमेन में संबंध मजबूत करने और हरित साझेदारी को लेकर एक समझौता भी शामिल है।रेल संपर्क बढ़ाने का हुआ समझौता- दोनों देशों के बीच रेलवे संपर्क बढ़ाने के समझौते पर भी हस्ताक्षर किए गए। समझौतों के बाद मीडिया से बात करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने बयान में कहा कि, आज हमने नए क्षेत्रों में सहयोग के लिए भविष्य का विजन तैयार किया है। हरित भागीदारी, डिजिटल भागीदारी, समुद्र आधारित अर्थव्यवस्था और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर बनी सहमति से दोनों देशों के युवाओं को फायदा होगा। वहीं अपने बयान में बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने भारत को बांग्लादेश का प्रमुख पड़ोसी और भरोसेमंद दोस्त बताया। उन्होंने कहा कि भारत हमारा प्रमुख पड़ोसी, भरोसेमंद मित्र और क्षेत्रीय साझेदार है। बांग्लादेश भारत के साथ अपने संबंधों को बहुत महत्व देता है, जो 1971 के मुक्ति संग्राम से शुरू हुए थे। बांग्लादेश के नागरिकों को मेडिकल ई-वीजा सुविधा देगा भारत- भारत ने बांग्लादेश के नागरिकों को मेडिकल ई-वीजा की सुविधा देने का एलान किया है। इसके लिए भारत सरकार बांग्लादेश के रंगपुर में उप-उच्चायोग खोलेगी। साथ ही दोनों देश तीस्ता नदी के जल-बंटवारे पर चर्चा के लिए तकनीकी टीम भेजने पर भी सहमत हो गए हैं। पीएम मोदी और उनकी बांग्लादेशी समकक्ष के बीच कुल 10 समझौतों पर हस्ताक्षर हुए हैं, जिनमें डिजिटल साझेदारी, हरित साझेदारी, मेरीटाइम सहयोग, समुद्र आधारित अर्थव्यवस्था, अंतरिक्ष के क्षेत्र में सहयोग, रेलवे संपर्क, समुद्री रिसर्च, सुरक्षा और रणनीतिक मामलों में आपसी सहयोग, स्वास्थ्य और आपदा प्रबंधन और मतस्य पालन संबंधी समझौते शामिल हैं। बांग्लादेश की आजादी में भारत के योगदान से कृतज्ञ- बांग्लादेशी पीएम ने कहा, मैं बांग्लादेश की स्वतंत्रता में भारत सरकार और भारत के लोगों के योगदान को कृतज्ञता के साथ याद करती हूं। शेख हसीना ने 1971 के युद्ध में अपने प्राणों की आहुति देने वाले भारत के वीर शहीदों को भी श्रद्धांजलि दी।

उन्होंने कहा, आज हमारी बहुत ही उपयोगी बैठकें हुईं, जिनमें हमने सुरक्षा, व्यापार, संपर्क, साझा नदियों के पानी के बंटवारे, बिजली और ऊर्जा तथा क्षेत्रीय और बहुपक्षीय सहयोग के क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा की। हम अपने लोगों और देशों की बेहतरी के लिए एक-दूसरे के साथ सहयोग करने पर सहमत हुए। एक महीने में दूसरी बार भारत आईं शेख हसीना- बांग्लादेश की प्रधानमंत्री भारत की अपनी दो दिवसीय यात्रा पर शुक्रवार को भारत पहुंचीं। लोकसभा चुनावों के बाद भारत में नई सरकार के गठन के बाद यह किसी विदेशी नेता की पहली द्विपक्षीय राजकीय यात्रा है।

शनिवार सुबह शेख हसीना ने राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। बैठक से पहले बांग्लादेशी प्रधानमंत्री को एक भव्य समारोह में सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति भवन में उनका औपचारिक स्वागत किया गया। शेख हसीना भारत के पड़ोसी और हिंद महासागर क्षेत्र के उन सात शीर्ष नेताओं में शामिल थीं, जिन्होंने 9 जून को प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय मंत्रिपरिषद के शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लिया था। भारत-बांग्लादेश के बीच इन समझौतों पर हुए हस्ताक्षर- विदेश मंत्रालय ( एमईए ) ने बांग्लादेश की प्रधानमंत्री के भारत के राजकीय दौरे के दौरान दोनों देशों के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापनों ( एमओयू ) की सूची जारी की। एमओयू में भारत-बांग्लादेश

डिजिटल और हरित साझेदारी के लिए एक साझा दृष्टिकोण, समुद्री सहयोग और नीली अर्थव्यवस्था पर समझौता, भारत के इन-स्पेस और बांग्लादेश के आईसीटी और दूरसंचार मंत्रालय के बीच समझौता, रेल संपर्क के लिए दोनों देशों के रेल मंत्रालयों के बीच समझौता, सीएसआईआर के तहत बांग्लादेश समुद्र विज्ञान अनुसंधान संस्थान ( बीओआरआई ) और भारत के राष्ट्रीय समुद्र विज्ञान संस्थान ( एनआईओ ) के बीच समझौता, सामरिक और परिचालन अध्ययन के क्षेत्र में सैन्य शिक्षा से संबंधित सहयोग के लिए रक्षा सेवा स्टाफ के लिए समझौता, आपदा प्रबंधन में सहयोग के लिए एनडीएमए और आपदा प्रबंधन व राहत मंत्रालय के बीच समझौता, मत्स्य पालन में सहयोग के लिए समझौता शामिल हैं। हसीना के दौरे के दौरान की गईं घोषणाएं- एमईए ने हसीना के भारत दौरे के दौरान की गई घोषणाओं की सूची भी जारी की। इन घोषणाओं में बांग्लादेश के मरीजों के लिए ई-वीजा, बांग्लादेश के रंगपुर में भारत का नया सहायक उच्चायोग, राजशाही और कोलकाता के बीच ट्रेन सेवा,चटगांव और कोलकाता के बीच नई बस सेवा, गेडे-दरसाना और हल्दीबाड़ी-चिलाहाटी के बीच डलगांव तक मालगाड़ी सेवा शुरू करना, अनुदान सहायता के तहत सिराजगंज में अंतर्देशीय कंटेनर डिपो ( आईसीडी ) का निर्माण, भारतीय ग्रिड के जरिए नेपाल से बांग्लादेश को 40 मेगावाट बिजली का निर्यात करना, गंगा जल संधि के नवीकरण पर चर्चा के लिए संयुक्त तकनीकी समिति गठित करना, बांग्लादेश के अंदर तीस्ता नदीं के संरक्षण और प्रबंधन पर परियोजना के लिए तकनीकी प्रतिनिधिमंडल का बांग्लादेश दौरा, बांग्लादेश के पुलिस अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण और प्रति रोगी आठ लाख रुपये की अधिकतम सीमा के साथ मरीजों के लिए मुक्तिजोधा योजना शामिल हैं।

## उरी में सुरक्षा बलों और आंतकियों के बीच मुठभेड़, सेना को मिली बड़ी कामयाबी; दो आतंकी ढेर

सुरक्षाबलों ने उरी के पास दो आतंकवादी मार गिराने में भी कामयाबी पाई है। ये दोनों घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के उरी के गोहलान इलाके में भारतीय सेना और संयुक्त सुरक्षा बलों ने शनिवार को घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सुरक्षाबलों ने उरी के पास दो आतंकवादी मार गिराने में भी कामयाबी पाई है। ये दोनों घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। फिलहाल सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी है। फिलहाल मारे गए आतंकियों के बारे में अभी कोई जानकारी सामने नहीं है। सुरक्षाबल इनकी पहचान में जुटे हुए हैं। इससे पहले बीते बुधवार 21 जून को बालामूला में मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने दो पाकिस्तानी आतंकियों को मार गिराया था। ये दोनों तश्कर-ए-ताइबा से जुड़े थे। कश्मीर में फिर आतंकवाद को जिंदा करने की साजिश रच रहा पाकिस्तान- पड़ोसी मुल्क पाकिस्तानी उत्तरी कश्मीर में फिर से आतंकवाद को सक्रिय करने की साजिश रच रहा है। इस क्षेत्र में 2005 से 2015 तक आतंक फैला था। हालांकि 2019 में जम्मू-कश्मीर पुलिस की एक मुहिम के तहत बारामुला जिले को आतंकी मुक्त घोषित किया गया था। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार, पाकिस्तानी मूल के विदेशी आतंकियों की संख्या अभी स्थानीय आतंकियों से ज्यादा है, लेकिन इनका सफाया किया जा रहा है। अमरनाथ यात्रा को लेकर अर्धसैनिक बलों की 24 अतिरिक्त कंपनियां होंगी तैनात- अमरनाथ यात्रा के लिए जम्मू-कश्मीर में अर्धसैनिक बलों की तैनाती शुरू कर दी गई है। जम्मू जिले को इस बार अर्धसैनिक बलों की 24 अतिरिक्त कंपनियां मिली हैं, जोकि पिछले वर्ष की तुलना में पांच से छह अधिक हैं। पहली बार अमरनाथ यात्रा के रूट, यात्रियों के रुकने के स्थलों, लंगरों और अन्य जगहों पर तैनाती के अलावा अर्धसैनिक बल उन जगहों पर भी तैनात किए जा रहे हैं, जहां पर किसी अप्रिय घटना होने की आशंका है। अलावा पुरमंडल मोड़ से लेकर झज्जर कोटली तक पूरे हाईवे पर जवान भेजे गए हैं। इसमें कुंजवानी, गंग्याल, सिद्दड़ा, नगरोटा का इलाका शामिल है। अगले कुछ दिन में अन्य कंपनियां भी पहुंच जाएंगी। इन अतिरिक्त कंपनियों के अलावा जम्मू-कश्मीर पुलिस के जवान भी लगाए जाएंगे। इन जगहों के अलावा पुलिस ने आरएस पुरा, सुचेतगढ़, अखनूर, परगवाल, ज्यौड़ियां, खौड़, अरनिया, अब्दुल्लियां, मीरां साहिब क्षेत्र में कुछ ऐसे स्थान चिह्नित किए हैं, जिन्हें आतंकी निशाना बना सकते हैं। इन जगहों पर अर्धसैनिक बल तैनात किए गए हैं। इनमें आईटीबीपी, एसएसबी, सीआईएसएफ की कंपनियां शामिल हैं।




## परीक्षा प्रक्रिया सुधार पर सात सदस्यीय पैनल का नेतृत्व करेंगे पूर्व इसरो प्रमुख, शिक्षा मंत्रालय का एलान

शिक्षा मंत्रालय- केंद्र सरकार ने जानकारी दी है कि परीक्षा प्रक्रिय में सुधार के लिए गठित सात सदस्ययीय पैनल का नेतृत्व पूर्व इसरो प्रमुख के राधाकृष्णन करेंगें। पैनल दो महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपेगा। पूर्व इसरो प्रमुख के राधाकृष्णन परीक्षा प्रक्रिया में सुधार पर सात सदस्यीय पैनल का नेतृत्व करेंगे। इस बात की घोषणा शिक्षा मंत्रालय ने की है। केंद्र सरकार ने कहा है कि पैनल अपनी जांच की रिपोर्ट दो महीने के भीतर पेश करेगा। यूजीसी नेट को रद्द करने और नीट यूजी 2024 के कथित पेपर लीक को लेकर आलोचनाओं का सामना कर रहे शिक्षा मंत्रालय ने शनिवार को परीक्षाओं का पारदर्शी, सुचारू और निष्पक्ष संचालन सुनिश्चित करने के लिए इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ. के राधाकृष्णन की अध्यक्षता में विशेषज्ञों की एक उच्च स्तरीय समिति के गठन की घोषणा की।सात सदस्यीय समिति परीक्षा प्रक्रिया के तंत्र में सुधार, डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल में सुधार और राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी ( एनटीए ) की संरचना और कार्यप्रणाली पर सिफारिशें करेगी।हैदराबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बीजे राव और एम्स दिल्ली के पूर्व निदेशक रणदीप गुलेरिया इस समिति में शामिल हैं। समिति दो महीने के भीतर शिक्षा मंत्रालय को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।



## संक्षिप्त समाचार

### BSP ने जारी की स्टार प्रचारकों की सूची; आकाश आनंद की वापसी, मायावती भी करेंगी प्रचार

बसपा सुप्रीमो मायावती भी मंगलौर में प्रचार करने आएंगी। बसपा के स्टार प्रचारकों की सूची चुनाव आयोग को भेजी गई है। इस सूची में एक बात गौर करने वाली है कि मायावती के बाद आकाश आनंद का नाम है। इसे राजनीतिक विशेषज्ञ आनंद की वापसी के तौर पर देख रहे हैं। बहुजन समाज पार्टी ने उत्तराखंड विधानसभा उप-चुनाव के लिए 13 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। मंगलौर सीट पर चुनाव प्रचार के लिए पार्टी प्रमुख मायावती सहित आकाश आनंद और अन्य लोग पार्टी के लिए प्रचार करेंगे। लिस्ट में बड़ा नाम भतीजे आकाश आनंद का है। जिन्हें लोकसभा चुनाव से ठीक पहले मायावती ने पार्टी की जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया था लेकिन एक बार फिर उनके नाम से यह साफ हो गया है कि पार्टी में उनकी वापसी अब तय हो गई है। वहीं बसपा के स्टार प्रचारकों की सूची चुनाव आयोग को भेजी गई है। मंगलौर सीट से बसपा ने पार्टी की ओर से दिवंगत विधायक सरवत करीम अंसारी के पुत्र उबेदुर्रहमान को ही टिकट दिया है। भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने बदरीनाथ और मगंलौर विधानसभा उपचुनाव के लिए स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। पार्टी के 40 स्टार प्रचारक दोनों सीटों पर भाजपा के पक्ष में प्रचार करेंगे। पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री व मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह ने यह सूची जारी की है।

## कांग्रेस नेता पटोले का दावा- भाजपा आरक्षण मुद्दे पर मराठा और ओबीसी को दे रही धोखा

मराठा समुदाय के आरक्षण मुद्दे और ओबीसी आरक्षण मुद्दे पर भाजपा के रुख को महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने धोखा बताया है। दरअसल पिछले दिनों महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण को लेकर आंदोलन हुआ था। इसके बाद ओबीसी के दो कार्यकर्ताओं ने भी अनशन शुरू कर दिया था। जहां मराठा समुदाय के लोग आरक्षण की मांग कर रहे थे। वहीं ओबीसी कार्यकर्ताओं की मांग थी कि मराठों को आरक्षण मिले लेकिन ओबीसी आरक्षण प्रभावत नहीं होना चाहिए। महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने शनिवार को कहा कि भाजपा आरक्षण के मुद्दे पर मराठा समुदाय और अन्य पिछड़ा वर्ग को धोखा दे रही है। नाना पटोले ने दावा किया कि उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और राज्य भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले के आरक्षण के मुद्दे पर अलग-अलग रुख हैं। अब महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने भाजपा पर आरोप लगाया है कि वे आरक्षण मुद्दे पर मराठा और ओबीसी समुदाय को धोखा दे रहे हैं। उन्होंने कहा, भारतीय जनता पार्टी आरक्षण के मुद्दे पर मराठा और ओबीसी समुदायों को धोखा दे रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले का कहना है कि 50 प्रतिशत से अधिक आरक्षण को बरकरार नहीं रखा जा सकता। वहीं उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का कहना है कि 50 प्रतिशत से अधिक आरक्षण दिया जा सकता है। नाना पटोले ने दावा किया कि भाजपा नेताओं के बीच आरक्षण के मुद्दे पर दो अलग-अलग राय हैं। उन्हें अपना वास्तविक रुख स्पष्ट करना चाहिए। कांग्रेस नेता ने कहा कि पटना उच्च न्यायालय के फैसले से यह स्पष्ट हो गया है कि 50 प्रतिशत से अधिक आरक्षण मान्य नहीं होगा। इसलिए बावनकुले और फडणवीस के अलग-अलग रुख के कारण भाजपा का असली चेहरा उजागर हो गया है। जातिवार जनगणना शुरू करने की मांग- कांग्रेस नेता ने कहा, सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक सर्वेक्षणों के माध्यम से जातिवार जनगणना करना और 50 प्रतिशत की सीमा को हटाना ही आरक्षण मुद्दे का एकमात्र समाधान है। नाना पटोले ने कहा कि भाजपा केंद्र और महाराष्ट्र में सत्ता में है, इसलिए उसे मराठा, ओबीसी, धनगर, आदिवासी, हलबा और अन्य समूहों की कोटा मांगों के साथ न्याय करने के लिए जातिवार जनगणना शुरू करनी चाहिए।



## संपादकीय Editorial

### Shame on this water crisis

It is unfortunate, ironic and shameful that the common man in the country's capital Delhi is yearning for every drop of water. He is ready to be a part of stampede and scuffle for water. He is also ready to take dirty and polluted water. Water is not anyone's paternal property, it is a national resource, which is as important for life as breath. The government that never tires of shouting for 'water in the tap' in every house is present in Delhi under the leadership of Prime Minister Modi. The palatial residences of the President and Vice President of the country are also in Delhi. The country's Parliament is also run from the capital. Although their world is 'very special' and there is no water crisis, but the pain and dryness of the 28 lakh Delhiites who are crying for water must be visible to all of them! The country's Supreme Court and the Chief Justice are also in Delhi and the issue of water crisis and water politics had reached their court as well, but why was justice not given? If any contempt has been committed, then why was that party not immediately summoned to the court? Of course, the water crisis is not for the honorable judges of the country, but the common man is in trouble. Who will give him justice? On one side there is the government of 'Aam Aadmi Party' (AAP). Chief Minister Kejriwal is in jail. On the other side there is the BJP government. This is democracy, but why is the common Delhiite getting crushed between the politics of both the parties? Actually, this is the eternal problem of the capital Delhi. Prime Minister Modi must have been seeing and feeling this for the last 10 years! The rush for water is a constant scene in the capital of that country, which is the 5th largest economy of the world. India's reputation and image are at stake. We have not seen such constant scenes even in any poor and backward country. Why should the central government not intervene? We do not want to get entangled in the jugglery of figures and claims as to how much water is Delhi's right? How much water does Haryana supply to Delhi through canals? Is the interstate water distribution agreement being followed or not? These questions should be the basic concerns of the central government and the Supreme Court. If there are such disputes between two states, the court should resolve them immediately. What other role can the apex court play? The bare reality of Delhi is that we have seen water tankers standing in certain areas, around slums and unauthorized colonies year after year. We have also seen fights for water. How can such a prediction of an expert be denied that a world war may be fought over water in the future? These mushrooms in the settlements have been created by the governments and political parties in view of their electoral interests. So now provide them with water, electricity and other resources as well. It is clear from the tankers that the water crisis has been continuous. Neither the Congress nor the BJP governments paid attention to this. If the supply of water through domestic taps is not sufficient, then tankers have to be sent to every street. Now the situation has reached its climax when Kejriwal government's water minister Atishi has announced 'indefinite hunger strike' from June 21. Of course, this is an effort of helplessness, because talks at all levels have been fruitless. Finally, Atishi has written a letter to Prime Minister Modi with a humble request to intervene and give Delhi its rightful share of water. If the Prime Minister is also unable to do anything, then Atishi will be forced to go on hunger strike. This too will be a blow to democracy. It is possible that Atishi may be making false claims, but the Prime Minister should intervene and ensure proper distribution of water. Rather, the issues related to water supply between different states should be brought under the Central Ministry of Water Power.

# Nehru and Modi: Both won with the least number of votes in their third term

If the oath taking figures are considered as the basis, then Pandit Jawaharlal is ahead in this matter. Nehru took oath as Prime Minister four times in a row. In 1947 as a nominated PM and in 1952, 1957 and 1962 as an elected Prime Minister. His total tenure as PM is 17 years. A big implication of the recent election results for the eighteenth Lok Sabha is being told that after the country's first Prime Minister Pandit Jawaharlal Nehru, Narendra Modi is the second Prime Minister of the country who, though not his party BJP, has been successful in bringing the pre-election alliance NDA to power for the third consecutive time. Here Modi himself has also been successful in forming the government by taking oath as PM for the third consecutive time as an elected Prime Minister. This means that this is the second time in the 75 years since independence that such a political miracle has happened when the people have ordered a politician to become PM for the third time. This is certainly a big achievement of a non-Congress government in the form of BJP, but this is not the only truth. Some overenthusiastic and ignorant of historical facts news channels even declared Modi's third swearing in as breaking Nehru's record. If we do a statistical analysis of the political events of the past, it will become very clear that what is being considered an extraordinary achievement, is actually so big and incomparable. Political past peeking from the corridors of history - Actually, if we start examining history on different parameters and consider the figures of oath taking as the basis, then Pandit Jawaharlal is at the forefront in this matter. Nehru took the oath of Prime Minister four times in a row. In 1947 as a nominated PM and in 1952, 1957 and 1962 as an elected Prime Minister. His total tenure as PM is 17 years, which is extremely difficult for anyone to break, if not impossible. Especially when the direction, issues and demands of politics in this country keep changing every one or two decades. Pandit Nehru was also able to make this record because then the non-Congress opposition was looking for its space in the country. The public was also lost in the India of dreams. The real discrepancies were slowly starting to raise their heads. It is also true that despite some historical mistakes, basic work was done during Nehru's tenure to strengthen the democratic structure of the country. It is a different matter that the political descendants of the leftists and socialists who were bitter critics of Nehru at that time are today trying to justify Nehru's same 'Idea of ??India'. Of course, Modi has equaled Nehru's record, in which Nehru took oath as the elected PM thrice from 1952 to 1962. In contrast, it is also worth noting that in all the three general elections under Nehru's leadership, the Congress came to power with a clear majority. Whereas Modi has been able to register this achievement in BJP's account only twice i.e. in 2014 and 2019. For the third time he has to lead a coalition government. However, there is one more similarity between Nehru and Modi. In his last Lok Sabha election in 1962, Nehru won the Phulpur seat by the lowest margin of votes (only 64 thousand 571) compared to the previous elections, which was a proof of his decreasing popularity. (However, in percentage it is 61.62, which is much more than Modi's vote percentage of 54:24 in this election). Nehru had won both the previous Lok Sabhas by a margin of more than 1 lakh votes. The reason for Nehru's weak victory was Nehru's sharp critic and veteran socialist leader Dr. Ram Manohar Lohia contesting against him. Here Modi ji has also won from Varanasi seat in his third election by just 1 lakh 52 thousand 513 votes. The reason behind this low margin of victory of Modi supporters is that this time it happened because of the votes of Congress and SP in the election. But this is the truth. It is clear that if Modi contests from Varanasi seat for the fourth time, he will have to work very hard. If we keep aside the benchmark of taking oath as PM three times in a row, then there have been four Prime Ministers in this country who have taken oath as Prime Minister three times. Apart from Nehru and Modi, these are Mrs. Indira Gandhi and Atal Bihari Vajpayee. Indiraji and Atalji took oath as PM for two consecutive terms. But in between they had to sit in the opposition once. Indiraji became PM in 1967, 1971 and 1980, while Atalji took oath as PM in 1996, 1998 and 1999. However, the fact is also that no politician who became PM for the third time in a row could either complete his term or could not return to power after that. After Pandit Nehru became PM for the third time, he was betrayed by China. He had to face harsh criticism all over the country due to the crushing defeat of the Indian Army in the war with China and the illegal occupation of 42 thousand 735 sq km of Kashmir and Ladakh by China. Nehru could not recover from this shock and started falling ill. He died two and a quarter years after becoming the PM. The question 'Who after Nehru?' was being asked during his lifetime. Similarly, Mrs. Indira Gandhi could not complete her third term. Despite many bold decisions, Operation Blue Star in Punjab became the enemy of her life and she was brutally murdered three months before the completion of her third term. On the other hand, Atal ji himself made the political mistake of ending his third term as PM by holding elections six months earlier and despite all his liberal image, he was thrown out of power after losing the elections to the newly formed Congress-led UPA alliance.It's over. Modi's next term Whether Modi will become PM for the fourth time or not, no one other than Amit Shah can say with certainty. But the question is also about his completing his third term. Only destiny knows the future developments. Congress leader Rahul Gandhi is repeatedly creating psychological pressure by saying that this is a minority government, it will fall anytime. This may also be his misconception, but the real question is about the political direction and condition of the Modi government. In his ten-year tenure, Modi has tried to create a new democratic grammar of one-sided working style along with many bold decisions, but serious questions have started being raised on it. The 2024 elections have indicated that the voter is returning from the mode of extreme polarization to ground issues. Caste polarization seems to be dominating religious polarization again. Of course the public wants development and a strong nation, but at what cost, this is the big question. One-sided politics, freebies, big talks and just being proud of everything cannot help you much in the elections. You have to focus on easing the problems of the people first, everything else comes later. If the economy is growing, then it should also be reflected in the life of the common man. We have seen the culmination of temple-mosque politics in the form of the construction of the Ram temple. Now only the essence of faith is left in this issue, whatever political exploitation could be done on it has already been done. Issues like Kashi, Mathura, Dhar Bhojshala can help a little at the local level. It is impossible to convert it into a national issue. Similarly, the BJP will have to return to the basic idea of ??'Sabka Saath'. Otherwise, it will not take long for the castes and communities in which it has made deep inroads to slip away. The future depends on how much Modi is able to adjust himself according to the new challenges, moving away from his working style of ten years. Otherwise, the people of this country have not yet handed over the scepter to any PM for the fourth consecutive time. So, will Modi create new history or will he himself become history, only time will tell.He died two and a quarter years after becoming the PM. The question 'Who after Nehru?' was being asked during his lifetime. Similarly, Mrs. Indira Gandhi could not complete her third term. Despite many bold decisions, Operation Blue Star in Punjab became the enemy of her life and she was brutally murdered three months before the completion of her third term. On the other hand, Atal ji himself made the political mistake of ending his third term as PM by holding elections six months earlier and despite all his liberal image, he was thrown out of power after losing the elections to the newly formed Congress-led UPA alliance.It's over. Modi's next term Whether Modi will become PM for the fourth time or not, no one other than Amit Shah can say with certainty. But the question is also about his completing his third term. Only destiny knows the future developments. Congress leader Rahul Gandhi is repeatedly creating psychological pressure by saying that this is a minority government, it will fall anytime. This may also be his misconception, but the real question is about the political direction and condition of the Modi government. In his ten-year tenure, Modi has tried to create a new democratic grammar of one-sided working style along with many bold decisions, but serious questions have started being raised on it. The 2024 elections have indicated that the voter is returning from the mode of extreme polarization to ground issues. Caste polarization seems to be dominating religious polarization again. Of course the public wants development and a strong nation, but at what cost, this is the big question. One-sided politics, freebies, big talks and just being proud of everything cannot help you much in the elections. You have to focus on easing the problems of the people first, everything else comes later. If the economy is growing, then it should also be reflected in the life of the common man. We have seen the culmination of temple-mosque politics in the form of the construction of the Ram temple. Now only the essence of faith is left in this issue, whatever political exploitation could be done on it has already been done. Issues like Kashi, Mathura, Dhar Bhojshala can help a little at the local level.



# चोरी हुए 40 लाख के मोबाइल बरामद, पुलिस ने मालिकों को सौंपे...पीड़ितों के चेहरे पर लौटी मुस्कान





मुरादाबाद- जनपद के अलग-अलग स्थानों से चोरी हुए 40 लाख के मोबाइलों को बरामद कर पुलिस ने मालिकों को सौंप दिए हैं। खोए मोबाइल वापस मिलने से पीड़ितों के चेहरे पर मुस्?कान लौट आई। वह भी तब जब वे अपने मोबाइल मिलने की उम्मीद छोड़ चुके थे। पुलिस ने सर्विलांस के जरिए 201 फोन बरामद किए हैं।शनिवार को एसएसपी हेमराज मीना ने बताया है कि, अपराध पर अंकुश को लेकर लगातार कार्रवाई की जा रही है। आए दिन मोबाइल गुम होने, चोरी की घटनाएं सामने आती है। बदमाशों द्वारा ऐसे मोबाइल का उपयोग भी आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने में किया जा रहा है। इन बातों को संज्ञान में आते पुलिस ने चोरी किए गए मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए छापेमारी अभियान चलाया गया।सर्विलांस के जरिए और थानों के सहयोग से जिले के कई स्थानों से 201 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। सभी फोनों की कीमत 40 लाख रुपये है।

उन्होंने ने बताया है कि, फोन बरामदगी के बाद पीड़ितों का पता लगाकर उन्हें सौंप दिया है।

## अचानक प्रेमी के घर पहुंच गई युवती, शादी की जिद पर अड़ी, हंगामा देखकर ठिठक गए लोग.. आनन-फानन पहुंची पुलिस

डिडौली में हैरान करने वाला सामने आया है। यहां एक युवती अचानक प्रेमी के घर पहुंच गई। हंगामा काटते हुए युवती प्रेमी से शादी की जिद पर अड़ गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे समझा रिश्तेदारों के हवाले कर दिया। प्रेमी के घर पहुंची युवती ने जमकर हंगामा काटा। इसके बाद वह शादी की जिद पर अड़ गई। मजमा देखकर लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस में युवती को समझाकर उसका गुस्सा शांत किया। बाद में युवती को उसकी नलिहाल भेज दिया है।यह मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव का है। यहां रहने वाले युवक का प्रेम प्रसंग अमरोहा देहात थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी युवती के साथ चल रहा था। डेढ़ साल से दोनों का मिलना जुलना था।इस बीच युवती ने प्रेमी से शादी करने के लिए कहा तो उसने इनकार कर दिया। जिसके बाद शुक्रवार की शाम युवती प्रेमिका के घर पहुंच गई। प्रेमी घर नहीं मिला तो उसने हंगामा शुरू कर दिया। थोड़ी देर में लोगों की भीड़ जमा हो गई। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने हंगामा कर रही युवती को समझाकर शांत किया। युवती ने प्रेमी से शादी की जिद करते हुए कहा कि डेढ़ साल से दोनों संपर्क में है, लेकिन अब वह शादी करने से मना कर रहा है। पुलिस के समझाने के बाद युवती पड़ोस गांव में ही रहने वाले अपने मामा के घर चली गई। मामले में शनिवार की देर शाम तक पुलिस कार्रवाई नहीं हुई है।

## मोबाइल है तो फोटो खींच लो.. एक्स-रे रिपोर्ट नहीं मिलेगी, सरकारी अस्पतालों का हाल, मरीजों को दोहरी परेशानी

मुरादाबाद के जिला अस्पताल में मरीजों को दोहरी परेशानी उठानी पड़ रही है। यहां डिजिटल एक्स-रे शीट नहीं होने के कारण मरीजों को एक्सरे रिपोर्ट नहीं मिल पा रही है। तैनात कर्मचारी उन्हें मोबाइल से फोटो खींचकर डॉक्टर को दिखाने की बात कह रहे हैं।अगर मोबाइल रखते हो तो कंप्यूटर स्क्रीन का फोटो खींच लो, क्योंकि रिपोर्ट नहीं मिल पाएगी। जिला अस्पताल में एक्स-रे कराने के बाद मरीजों को यही जवाब मिलता है। डिजिटल एक्स-रे मशीन की शीट की किल्लत के कारण ऐसा हो रहा है। रोजाना कई मरीजों को रिपोर्ट नहीं मिल पाती है। शुक्रवार को भी रेलवे कॉलोनी निवासी गिरधारी लाल व विद्यावती को रिपोर्ट नहीं दी गई।उनका कहना था कि हमारे पास मोबाइल भी नहीं है। तब जवाब मिला कि कुछ दिन बाद आकर रिपोर्ट ले जाना। दोनों मरीज मायूस होकर लौट गए। काफी दिन से खांसी के कारण डॉक्टर ने उन्हें चेस्ट का एक्स-रे लिखा था। एक्स-रे तो हो गया लेकिन रिपोर्ट कब मिलेगी, इस सवाल का जनाब किसी ने नहीं दिया।ज्ञात हो कि पूरे एक महीने बाद डिजिटल एक्स-रे मशीन ठीक हुई है। अब तक मरीजों को मशीन खराब होने के कारण परेशानी झेलनी पड़ रही थी। अब मशीन ठीक हुई तो रिपोर्ट नहीं मिल रही। शहर के रेडियोलॉजिस्ट का कहना है कि मोबाइल पर फोटो खींचकर रिपोर्ट देखने से कभी कभी सही अंदाजा नहीं लग पाता।

# यूपी में कई ट्रेनों का रूट बदला, 26 तक रास्ते में रुकेंगी 22 ट्रेनें, यात्रियों को होगी दिक्कत

मुरादाबाद से बरेली के बीच लूप लाइन का काम 22 जून से शुरू हो रहा है। इसके चलते कई ट्रेनों का रूट बदला गया है। अधिकारियों के मुताबिक नई लूप लाइन बनने से मालगाड़ियों के कारण यात्री ट्रेनें लेट नहीं होंगी।रेलवे ने मुरादाबाद-बरेली के बीच दुगनपुर में लूप लाइन विस्तार के लिए ब्लॉक लिया है। 22 जून से नॉन इंटरलॉकिग और रेल यात्रियों की दुश्वारियां शुरू हो रही हैं। मुरादाबाद से गुजरने वाली (15909-10) एक्सप्रेस को रामपुर के अलावा अलग अलग (12204-03) अमृतसर-आनंदविहार-अयोध्या कैंट, 28) काशी विश्वनाथ कुछ देर रोककर चलाया लखनऊ के बीच कई ट्रेनों चलाया गया। बरेली से लूप लाइन बनने से बनने से मालगाड़ियों के लाइन से यात्री ट्रेन को दो और स्टेशनों पर यह उठानी पड़ेगी। पेड़ गिरने से



अवध-असम एक्सप्रेस, (12369) कुंभ एक्सप्रेस, (12204) अमृतसर-सहरसा गरीबरथ बदले चंदौसी होकर चलाया जाएगा।22 जून से 26 जून तक यह व्यवस्था लागू रहेगी। इसके तारीख में नई दिल्ली-डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस, (15211-12) जननायक एक्सप्रेस, सहरसा गरीबरथ एक्सप्रेस, (13257-58) जनसाधारण एक्सप्रेस, दिल्ली-दरभंगा, श्री माता वैष्णो देवी कटरा-गुवाहटी स्पेशल एक्सप्रेस देरी से चलेंगी।इसके अलावा (15127-एक्सप्रेस, कोलकाता-नंगडैम एक्सप्रेस, नई दिल्ली-डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस को रास्ते में जाएगा। 22 जून से होने वाले इस कार्य का असर शुक्रवार को भी दिखाई दिया। मुरादाबाद-का संचालन प्रभावित हुआ। (22545) लखनऊ-देहरादून वंदे भारत को दो घंटे देरी से चलने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस, आला हजरत एक्सप्रेस दो घंटे देरी से मुरादाबाद पहुंचीं। मालगाड़ियों के कारण लेट नहीं होंगी ट्रेनें- रामपुर-बरेली के बीच दुगनपुर में नई लूप लाइन कारण यात्री ट्रेनें लेट नहीं होंगी। लूप लाइन पर किसी भी मालगाड़ी को खड़ा करके मेन गुजारा जा सकेगा। रेल प्रशासन का कहना है कि इससे पहले मुरादाबाद-लखनऊ के बीच कार्य किया जा चुका है। नॉन इंटरलॉकिंग के कारण यात्रियों को पांच दिन परेशानी जरूर टूटा ओएचई, मुरादाबाद-देहरादून रेल रूट प्रभावित- रेलवे की ओवर हेड इलेक्ट्रिसिटी वायर पर पेड़ गिरने के कारण तार टूट गया। शुक्रवार शाम को इसके कारण मुरादाबाद-देहरादून रेल रूट प्रभावित रहा। देहरादून से मुरादाबाद होकर लखनऊ जाने वाली (22546) वंदे भारत एक्सप्रेस पहले ही देहरादून से दो घंटे देरी से चली थी।ओएचई टूटने के कारण इसे दो घंटे डोईवाला में खड़े रहना पड़ा। हरिद्वार स्टेशन पर तमाम यात्रियों को मुरादाबाद आने के लिए इंतजार करना पड़ा। यही स्थिति देहरादून से मुरादाबाद के रास्ते काठगोदाम जाने वाली (12091) देहरादून-काठगोदाम एक्सप्रेस की रही। यात्रियों ने एक्स पर डीआरएम को टैग कर अपनी समस्या से अवगत कराया। डीआरएम का एक्स हैंडल संचालित करने वाली टीम ने जवाब लिखा कि देहरादून-हरिद्वार के बीच ओएचई पर पेड़ गिरने के कारण ट्रेनों को रास्ते में रोका गया है। ओएचई दुरुस्त करने के बाद शाम 7~30 बजे के बाद ट्रेनें डोईवाला से आगे बढ़ीं। शाम 5~40 बजे मुरादाबाद पहुंचने वाली वंदे भारत मुरादाबाद स्टेशन पर रात 9 बजे के बाद पहुंची।

# शेयर ट्रेडिंग में मुनाफे का झांसा देकर जमापूंजी उड़ा रहे साइबर ठग, ऐसे करें बचाव

शेयर ट्रेडिंग भी करें सोच-समझकर यहां भी फैला दिया है जालसाजों ने जाल, नामी कंपनियों से मिलती-जुलती वेबसाइटों पर डीमैट अकाउंट खुलवाते हैं साइबर ठग शेयर ट्रेडिंग और दोगुना मुनाफे का फर्जी विज्ञापन दिखाकर साइबर अपराधी नये-नये तरीकों से लोगों को जाल में फंसा रहे हैं। भारी मुनाफे का लालच देकर जालसाज उनकी जमापूंजी पूरी तरह से खाली कराने में जुटे हैं। ठगी का पता तब लगता है जब आपकी जमापूंजी पूरी तरह से खाली हो चुकी हो चुकी होती है। फिर पैसा वापसी के लिए थानों के चक्कर काटते रहते हैं।पहले ठगी कम पढ़े लिखे लोगों के साथ होती थी लेकिन, डिजिटल दुनिया में उल्टा हो रहा है। समय के साथ ठगी का तरीका बदला और शिकार होने वाले लोग भी बदले। भारी मुनाफे के लालच में आकर हर रोज लोग लाखों गंवा रहे हैं। साइबर थाने में चार साल में ठगी के 63 मामले दर्ज हुए हैं। वहीं 50 फीसदी मामलों का निस्तारण हुआ है। इस साल 12 लोगों के साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी हुई है, जो बीते तीन सालों की तुलना में अधिक है। जिन पर अभी जांच चल रही है। साइबर क्राइम अधिकारी ने बताया है कि, विदेश में बैठे डीमैट अकाउंट खुलवाकर निवेश कराते हैं और रकम मिलने के अलग-अलग प्लेटफार्म पर नामी कंपनियों से मिलते-जुलते कमाने और शेयर बढ़ने का झांसा दिया जाता है। शेयर मार्केट बैठे ठग नामी कंपनियों के नाम से फर्जी कंपनी में ऑनलाइन रुपये डालने पर डबल दिखने लगता है, जिससे लोग ठगों के रुपये डालने शुरू कर देते हैं। पांच लाख या फिर उससे अधिक है तो ठग उसमें नया नियम बताते हुए और रुपये डालने को वाले तो उस खाते को ब्लाक कर देते हैं। जालसाज सारी रकम भेज देते हैं। जनवरी 2024 से 12 हुए ठगी का शिकार- साइबर ठगों ने 63 लोगों के साथ ठगी की है। इन ठगों के शिकार हुए विज्ञापन के झांसे में आए हैं। जबकि, जनवरी 2024 से अब में रिपोर्ट दर्ज कराई है। खास बात यह है कि ठगी में फंसे लोग जाल में फंसा रहे ठग- साइबर अपराधियों ने ठगी करने का



ठग शेयर ट्रेडिंग के बहाने ठगी कर रहे हैं। जालसाज लोगों से के बाद अकाउंट ही बंद कर देते हैं। साइबर ठग सोशल मीडिया नाम के विज्ञापन भेजते हैं। जिसमें कम समय में अधिक रुपये में रुचि रखने वाले लोग तुरंत लिंक खोल लेते हैं और विदेश में अकाउंट खुलवाते हैं। उसमें रुपये डालने को कहते हैं। खाते में झांसे में आ जाते हैं। इसी तरह जाल में फंसकर लोग लाखों होने के बाद अगर निवेशक रुपये निकालने की कोशिश करता कहते हैं। जब ठगों को लगता है कि अब और रुपये नहीं आने को क्रिप्टो करेंसी के जरिए विदेश में बैठे आकाओं के पास थाने के रिकार्ड के अनुसार वर्ष 2021 से अबतक विदेश में बैठे अधिकतर लोग शेयर ट्रेडिंग में निवेश और दोगुना मुनाफे के तक पांच लाख रुपये से अधिक वाले 12 लोगों ने साइबर थाने 90 प्रतिशत लोग पढ़े लिखे लोग हैं। डिजिटल अरेस्ट करके नया तरीका निकाला है। जिसमें लोगों को डिजिटल अरेस्ट करके जाल में फंसा रहे हैं। इसमें ठग खुद को पुलिस या किसी विभाग का अधिकारी बताते हैं और फिर किसी मामले में फंसाने के बहाने से खातों में रकम ट्रांसफर करा लेते हैं। मंगलवार को सिविल लाइंस थाना क्षेत्र की रहने वाली युवती को डिजिटल अरेस्ट करके ठगों ने खुद को एनसीबी का अधिकारी बता कर 10 लाख की ठगी कर ली थी। इससे पहले भी डिजिटल अरेस्ट करके कइयों के साथ धोखाधड़ी हो चुकी है। साइबर ठगों से ऐसे करें बचाव- किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें। शेयर ट्रेडिंग या अन्य किसी में दोगुना मुनाफे का फर्जी विज्ञापन पर भरोसा न करे। अपने पासवर्ड को नियमित रूप से बदलते रहें। ठगी हो जाए तो तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930 पर सूचना दें। किसी भी वेबसाइट पर जानकारी साझा करने से पहले जांच कर लें। कस्टमर केयर नंबर आधिकारिक वेबसाइट से ही प्राप्त करें। आधिकारिक वेबसाइट से ही वित्तीय लेनदेन करें। किसी से पैसा प्राप्त करते समय अपनी यूपीआईडी व पासवर्ड न डालें। सोशल मीडिया पर अपरिचित लोगों के मित्रता अनुरोध को स्वीकार न करें। अनजान नंबर से वीडियो कॉल आए तो मोबाइल कैमरे को अपने चेहरे की तरफ न रखें। एटीएम बूथ पर किसी अनजान व्यक्ति की सहायता न ले। शेयर ट्रेडिंग में निवेश के लिए डीमेट अकाउंट की जरूरत होती है। जालसाज मिलते-जुलते नाम की फर्जी वेबसाइट बना लेते हैं। लोगों को दोगुना मुनाफे का झांसा देकर फंसाते हैं। खाते में रुपये जमा करा कर अकाउंट को ब्लाक कर देते हैं। ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के लिए लोगों को जागरूक होने की जरूरत है। ठगी का शिकार होने पर 1930 या स्थानीय थाने में शिकायत करें।- राम संजीवन, इंस्पेक्टर, साइबर थाना

## संक्षिप्त समाचार

### 23 कैरेट शुद्ध सोने की जगह थमा दीं पॉलिश वाली चूड़ियां, वीके ज्वेलर्स पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

मुरादाबाद में वीके ज्वेलर्स पर धोखाधड़ी करने का आरोप लगा है। एक ग्राहक ने केस दर्ज कराते हुए कहा है कि उसे ज्वेलर्स ने 23 कैरेट शुद्ध सोने के स्थान पर पॉलिश वाली चूड़ियां थमा दी। जब वह इस बारे में बात करने गया तो ज्वेलर्स ने उसके साथ अभद्रता की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।मुरादाबाद कोतवाली में वीके ज्वेलर्स के खिलाफ धोखाधड़ी और गबन में केस केस दर्ज किया गया है। ज्वेलर्स पर आरोप है कि उन्होंने 23 कैरेट शुद्ध सोने के स्थान पर पॉलिश वाली चूड़ियां थमा दी। पीड़ित महिला ने इसका विरोध किया तो आरोपी ज्वेलर्स ने अभद्रता की और धमकी देकर भगा दिया।पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है। नागफनी क्षेत्र के किसरौल निवासी वीना शर्मा पत्नी सुशील शर्मा ने कोतवाली में दर्ज कराए केस में बताया कि उन्होंने अपनी पुरानी 17 ग्राम सोने की चूड़ियां कोतवाली क्षेत्र स्थित वीके ज्वेलर्स को पिछले साल दस दिसंबर को दी थीं।इसके बदले में दस ग्राम सोने की चार चूड़ियां और 15 हजार नकद दिए थे। पीड़िता महिला का कहना है कि उसने वीके ज्वेलर्स पर विश्वास करके रसीद भी नहीं ली थी। घर जाने पर पता चला कि चूड़ियां 23 कैरेट सोने के स्थान पर बंदेल चूड़ियां दे दी हैं। इसमें 23 कैरेट सोने के स्थान पर केवल सोने का पॉलिश होता है। महिला ने वीके ज्वेलर्स पर जाकर इस मामले की शिकायत की। आरोप है कि ज्वेलर्स ने पुरानी चूड़ियां वापस करने से साफ इन्कार कर दिया। आरोप है कि महिला के साथ अभद्रता की और उसे दुकान से भगा दिया। पीड़िता ने इस मामले की शिकायत कोतवाली में की लेकिन पुलिस ने वीके ज्वेलर्स के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। तब महिला ने एसएसपी कार्यालय में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। एसएसपी हेमराज मीना ने केस दर्ज करने के आदेश दिए। कोतवाली प्रभारी उषा मलिक ने बताया कि तहरीर के आधार पर धोखाधड़ी और गबन में केस दर्ज किया गया है। विवेचना में जो भी तथ्य सामने आएंगे। उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। महिला झूठे आरोप लगा रही है। इस महिला ने पहले भी कोतवाली में शिकायत की थी। तब महिला के आरोप झूठे पाए गए थे। हमने कोई धोखाधड़ी नहीं की है। - वीके ज्वेलर्स

### कोचिंग से लौट रही छात्रा को शिक्षक ने रोका, सरेआम कर दी छेड़खानी, लोगों ने पकड़ पुलिस के हवाले किया

अमरोहा में शिक्षक ने छात्रा के साथ छेड़खानी कर दी। आसपास के लोगों ने आरोपी को पकड़ पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज उसे जेल भेज दिया है। कोचिंग से घर वापस लौट रही छात्रा के साथ शिक्षक ने छेड़खानी कर दी। विरोध करने पर तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। शोर मचाने पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। तभी, आरोपी शिक्षक को मौके पर पकड़ लिया।पुलिस ने आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बछरायूं थानाक्षेत्र के एक गांव में किसान का परिवार रहता है। उनकी बेटी ने पिछले साल इंटर की परीक्षा पास की थी। इस दौरान मंडी धनौरा थानाक्षेत्र के हिरनाखेड़ी गांव का रहने वाला मुकुल चहल बायोलॉजी का अध्यापक था।पिछले चार महीने से मुकुल छात्रा को परेशान कर रहा है। फिलहाल, छात्रा अपने मामा के घर रहकर अमरोहा में कोचिंग कर रही है। आरोप है कि 20 जून को छात्रा कोचिंग करके घर वापस लौट रही थी। तभी गुलड़िया मंडी के पास पहले से खड़े मुकुल ने छात्रा को रोककर छेड़खानी की। विरोध करने पर कनपटी पर तमंचा लगाकर जान जान से मारने की धमकी थी। तभी लोगों की भीड़ जमा हो गई और आरोपी मुकुल चहल मौके पर पकड़ लिया। सूचना मिलते ही पुलिस पहुंच गई। इस दौरान आरोपी के पास से तमंचा-कारतूस भी बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके उसे न्यायालय में पेश किया। जहां से जेल भेज दिया गया है।




क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश ( Birthday, anniversary, any kind of message ) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए सम्पर्क करे- 9027776991

# भारत और बांग्लादेश के बीच हुए कई समझौते, अंतरिक्ष के साथ-साथ जमीन पर कनेक्टिविटी बढ़ाएंगे दोनों देश

दो दिवसीय भारत दौरे पर पहुंची बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। जिसके बाद उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हैदराबाद हाउस में चर्चा की। इस दौरान कई समझौतों पर हस्ताक्षर शेख हसीना दो दिवसीय भारत दौरे पर जानकारी देते हुए विदेश सचिव विनय कि आज सुबह प्रधानमंत्री शेख हसीना स्वागत किया गया, जिसके बाद उनकी के लिए राजघाट का दौरा किया गया। हसीना ने हैदराबाद हाउस में विस्तृत चर्चा थीं शामिल विदेश सचिव विनय मोहन प्रधानमंत्री की मौजूदा भारत यात्रा दोनों जुड़ाव का अहम हिस्सा है। बांग्लादेश की लोकसभा के चुनाव के बाद 9 जून को में शामिल होने वाले अंतरराष्ट्रीय नेताओं भारत की पिछली राजकीय यात्रा सितंबर हिस्सा लेने के लिए एक अतिथि के रूप मुद्दों पर हुई चर्चा- वहीं प्रधानमंत्री मोदी की द्विपक्षीय वार्ता के दौरान कई द्विपक्षीय और वैश्विक मुद्दों पर भी अहम चर्चा हुई। और उप-क्षेत्रीय सहयोग को मजबूत करने सार प्रदान करने पर सहमति व्यक्त की। हमारी लंबी भूमि सीमा के शांतिपूर्ण



भी किए गए।बांग्लादेश की प्रधानमंत्री हैं। वहीं बांग्लादेशी प्रधानमंत्री के दौरे की मोहन क्वात्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया का राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में औपचारिक तरफ से महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने फिर प्रधानमंत्री मोदी और प्रधानमंत्री शेख पूरी की।केंद्र सरकार के शपथ ग्रहण में हुई क्वात्रा ने बताया कि बांग्लादेश की देशों के बीच निरंतर उच्च स्तरीय राजनीतिक प्रधानमंत्री इस महीने की शुरुआत में 18वीं केंद्रीय मंत्रिपरिषद के शपथ ग्रहण समारोह में से एक थीं। प्रधानमंत्री शेख हसीना की 2022 में हुई थी, जिसके बाद वे जी-20 में में भारत आई थीं। स्थानीय और वैश्विक और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना सहयोग पर चर्चा की गई। इसमें स्थानीय इस दौरान दोनों नेताओं ने हमारे द्विपक्षीय के लिए एक नई दिशा और गति देने और दोनों नेताओं ने आतंकवाद, कट्टरपंथ और प्रबंधन पर जुड़ाव को तेज करने पर भी सहमति व्यक्त की। विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि भारत बांग्लादेश के अंदर तीस्ता नदी के संरक्षण और प्रबंधन का काम भी करेगा, जिसके लिए भारत की ओर से उचित सहायता दी जाएगी। नों देशों ने रक्षा सहयोग पर की चर्चा- विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने कहा, कि दोनों पक्षों ने अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी पर सहमति पत्र का आदान-प्रदान किया, जिसका उद्देश्य भारत के प्रक्षेपण यान पर बांग्लादेश के लिए संयुक्त रूप से विकसित छोटे उपग्रह के प्रक्षेपण के लिए सहयोग स्थापित करना है। दोनों नेताओं के बीच रक्षा सहयोग पर चर्चा हुई। उन्होंने आगे बताया कि कनेक्टिविटी भारत-बांग्लादेश साझेदारी के केंद्रीय स्तंभों में से एक है। हम राजशाही और कोलकाता के बीच एक नई यात्री ट्रेन सेवा शुरू कर रहे हैं। वहीं हम एक और बस सेवा भी शुरू करेंगे जो कोलकाता और चटगांव के बीच होगी। वहीं इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि हम जल्द ही बांग्लादेश से भारत के लिए मेडिकल वीजा को ई-मेडिकल वीजा श्रेणी में डाल देंगे, जो बहुत बड़ी सुविधा प्रदान करेगा और उन लोगों के लिए भी एक बड़ी सुविधा होगी जो इस ई-मेडिकल वीजा योजना का लाभ उठाएंगे।

## Modi 3.0: 100 दिन में मिशन इंडिया ‹ढ्ढ लांच की तैयारी, सोशल मीडिया प्लेटफार्म के नियमों में आ सकती है सख्ती!

केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा था कि डाटा सुरक्षा कानून के तहत नियमों का मसौदा



तैयार करने का काम अंतिम चरण में है। उद्योग जगत से व्यापक परामर्श की प्रक्रिया जल्द शुरू होने वाली है।केंद्र में मोदी सरकार 3.0 काबिज होने के बाद मंत्रियों ने अपना कामकाज संभाल लिया है। सरकार में टेलीकॉम मंत्रालय ज्योतिरादित्य सिंधिया को मिला है। वहीं, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय की जिम्मेदारी अश्विनी वैष्णव को मिली है। मंत्रियों ने कामकाज संभालने के बाद अब 100 दिन के एजेंडे पर काम करना शुरू कर दिया है।टेलीकॉम विभाग अपने 100 दिनों के एजेंडे में प्राथमिकता के आधार पर स्पेक्ट्रम की सुचारू नीलामी सुनिश्चित करेगा। इसके अलावा टेलीकॉम एक्ट के नियमों जिसमें सैटेलाइट कम्युनिकेशन, कॉल और मैसेज इंटरसेप्शन और बायोमेट्रिक डाटा का स्टोरेज स्पष्ट होगा। टेलीकॉम विभाग के 100 दिनों के एजेंडे में टेलीकॉम नेटवर्क पर होने वाले फर्जीवाड़े को खत्म करना है। इसके लिए सरकार डाटा सेंटर, आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर और सर्विलांस को मजबूत करेगी। इसके अलावा डिजिटल सहमति को अनिवार्य करने की व्यापक व्यवस्था, ताकि बिना उपभोक्ता की मर्जी के कॉल, मैसेज उसके फोन तक नहीं जाएं।इधर, आईटी मंत्रालय के 100 दिनों के एजेंडा के तहत 30000 करोड़ की इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट स्कीम सब्सिडी को मंजूरी संभव है। सेमीकंडक्टर मिशन के तहत सभी तरह के सब्सिडी और अप्रूवल को तेजी से जारी करना मुख्य फोकस रहेगा। डिजिटल पर्सनल डाटा प्रोटेक्शन नियमों को जारी किया जाएगा। सोशल मीडिया नेटवर्क को और जिम्मेदार बनाने के लिए नए नियम बनाए जाएंगे। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में सरकार इंडिया एआई को लॉन्च करेगी। हाल ही में सरकार ने एआई मिशन की समीक्षा भी की थी।केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा था कि डाटा सुरक्षा कानून के तहत नियमों का मसौदा तैयार करने का काम अंतिम चरण में है। उद्योग जगत से व्यापक परामर्श की प्रक्रिया जल्द शुरू होने वाली है। मंत्री ने जोर देकर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन को दोगुना करने और नौकरियों के अवसर बढ़ाने की कोशिश करेगा। डिजिटल निजी डाटा संरक्षण ( डीपीडीपी ) अधिनियम को लागू करने की प्रक्रिया डिजाइन के द्वारा डिजिटल के सिद्धांत पर आधारित होगी।

## विठ्ठलपुर कांड: कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने पूछा, अपराधी से क्या रिश्ता है, क्यों बचा रहे; जनता हो गई उग्र

शनिवार को दिन में 11 बजे कैबिनेट मंत्री संजय निषाद काफिले के साथ मृतक दीपू निषाद के परिवार से मिलने पहुंचे। वह परिवार से मिलकर ढ़ांढस बंधाने के बाद मीडिया से बात करने लगे। इस दौरान करीब 50 से अधिक ग्रामीण पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। पीड़ित दीपू निषाद के घर से करीब दो सौ मीटर दूर आरोपी ग्राम प्रधान चन्द्रभान सिंह के घर हमला बोल दिया।रुद्रपुर के विठ्ठलपुर गांव में निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश सरकार के मंत्री संजय निषाद, विधायक श्रवण निषाद और पूर्व सांसद प्रवीण निषाद के पहुंचते भी भीड़ आक्रोशित हो गई। गांव के युवक और महिलाएं हत्यारोपी ग्राम प्रधान के घर पर धावा बोल दिए।भीड़ ने प्रधान के घर की महिलाओं से बदसलूकी की।



पुलिस के डंडा पटकने पर तोड़फोड़ कर रहे लोग फरार हो गए। गांव में तनाव को देखते हुए चार थाने की फोर्स और पीएसी लगा दी गई। गांव में अफरा तफरी देख मंत्री संजय निषाद लाव लश्कर के साथ खिसक लिए।शनिवार को दिन में 11 बजे कैबिनेट मंत्री संजय निषाद काफिले के साथ मृतक दीपू निषाद के परिवार से मिलने पहुंचे। वह परिवार से मिलकर ढ़ांढस बंधाने के बाद मीडिया से बात करने लगे। इस दौरान करीब 50 से अधिक ग्रामीण पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करने लगे।पीड़ित दीपू निषाद के घर से करीब दो सौ मीटर दूर आरोपी ग्राम प्रधान चन्द्रभान सिंह के घर हमला बोल दिया। युवक हाथ में पार्टी का झंडा लेकर तोड़फोड़ करने लगे। दरवाजे पर पहुंची पुलिस भीड़ रोकने के बजाय वीडियो बनाने लगी। बवाल की खबर सुन मीडिया से वार्ता कर रहे मंत्री संजय निषाद गांव से निकल लिए। सीओ अंशूमन श्रीवास्तव ग्राम प्रधान के दरवाजे पर पहुंच भीड़ हटाना शुरु किया।पुलिस को सख्त होता देख युवक गांव से बाइक से फरार हो गए। घटना स्थल का अपर पुलिस अधीक्षक दीपेन्द्र चौधरी ने जायजा लिया। उन्होंने दोनों परिवार के लोगों से घटना के बारे में पूछताछ किया। सीओ ने कहा कि बवाल करने वालों की पहचान कर कार्रवाई की जा रही है। ये थी घटना- विठ्ठलपुर गांव में 14 जून की रात दीपू निषाद की मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने ग्राम प्रधान समेत उनके परिजनों पर पिटाई कर हत्या का आरोप लगाया। 18 जून को मृतक दीपू निषाद की मां रमावती देवी की तहरीर पर पुलिस ने ग्राम प्रधान चन्द्रभान सिंह, भाई उदयभान, ब्रजभान और सूर्यभान पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया। मृतक दीपू निषाद के परिवार से मिलने के लिए शनिवार को मंत्री संजय निषाद पहुंचे थे। जिसके बाद भीड़ उग्र हो गई।

# पानी के विवाद में पिता-पुत्र की हत्या, गांव में सांप्रदायिक तनाव के बाद भारी पुलिस फोर्स तैनात

इस विवाद के बाद कुछ लोगों ने समझौता करा दिया था। पप्पू के भाई बिलाल की ओर से दर्ज एफआईआर में बताया गया है कि रात में जब पप्पू दोनों बेटों के साथ बाइक से जा रहे थे तो खिंदौड़ा और धौलड़ी के बीच सुधीर त्यागी पक्ष ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। यूपी के मोदीनगर स्थित निवाड़ी क्षेत्र के खिंदौड़ा-धौलड़ी रजवहा संपर्क मार्ग पर शुक्रवार रात करीब 11 बजे सात-आठ हमलावरों ने आम के बाग के ठेकेदार धौलड़ी निवासी ( 22 ) पर ताबड़तोड़ 18 राउंड फायरिंग कर जबकि कंधे और हाथ में चार गोलियां लगने गंभीर है। घटना से इलाके में बने सांप्रदायिक इस मामले में खिंदौड़ा गांव निवासी सात के ठेकेदार सुधीर त्यागी, उसके बेटे दीपक घटना की वजह रजवहे से आ रहे सिंचाई के निवासी सुधीर त्यागी से शुक्रवार दोपहर रहा था जबकि सुधीर त्यागी का कहना था के बाद किया हमला- इस विवाद के बाद की ओर से दर्ज एफआईआर में बताया गया तो खिंदौड़ा और धौलड़ी के बीच सुधीर मृतकों के शव रजवहे में फेंक दिए थे। राजा बरामद हुआ। शव रखकर लगाया जाम-




पप्पू ( 60 ) उनके बेटे शाहनवाज उर्फ राजा ( 25 ) और चांद दी। हमले में पप्पू और शाहनवाज की मौके पर मौत हो गई, के बावजूद चांद किसी तरह भाग निकले। उनकी हालत बेहद तनाव को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। लोग नामजद कराए गए हैं। इनमें मुख्य आरोपी आम के बाग और एक अन्य बिट्टू को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पानी पर पप्पू को लेकर पड़ोस के बाग के ठेकेदार खिंदौड़ा करीब तीन बजे विवाद हो जाना रही। पानी पप्पू के बाग में जा कि शुक्रवार को पानी से सिंचाई का नंबर उनका था। समझौते कुछ लोगों ने समझौता करा दिया था। पप्पू के भाई बिलाल है कि रात में जब पप्पू दोनों बेटों के साथ बाइक से जा रहे थे त्यागी पक्ष ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। हमलावरों ने का शव रात में ढाई बजे और पप्पू का शनिवार सुबह नौ बजे धौलड़ी के सैंकड़ों लोगों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए सुबह नौ बजे रजवहा के पास ही शव रखकर जाम लगा दिया। वे लोग आरोपियों के एनकाउंटर और उनके घरों पर बुलडोजर चलाने की मांग कर रहे थे। पुलिस अधिकारियों के कड़ी कार्रवाई के आश्वासन पर साढ़े ग्यारह बजे जाम खुला और लोग घरों को लौटे। चार आरोपियों की तलाश- सीपी ग्रामीण विवेक चंद यादव ने बताया कि दोहरे हत्याकांड में सुधीर त्यागी, उसके दो बेटे दीपक और बिट्टू, लवली, दीपक, मोहित उर्फ बादशाह और आसिफ को नामजद किया गया है। फरार चार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### बाइक से सड़क पर गिरी महिला की हुई मौत

क्यूँ न लिखूँ सच -प्रेमचंद जायसवाल

श्रावस्ती। मायके जा रही महिला सड़क पर गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गई। जिसको मेडिकल कॉलेज लखनऊ ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मल्हीपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत कलकलवा गांव निवासी भोलानाथ वर्मा अपनी पत्नी गौरा देवी ( 40 ) को मोटरसाइकिल से लेकर इंडो नेपाल मार्ग से होकर पड़ोसी राष्ट नेपाल स्थित खंड़ेचा जा रहा था। कि तभी इसी थाना क्षेत्र के सागरगांव के पास पहुंचने पर सड़क पर बने गड्ढे में मोटरसाइकिल चली गई और जिससे मोटरसाइकिल पर पीछे बैठी गौरा देवी उछलकर सिर के बल सड़क पर गिर गई। जिसमें गौरा देवी गम्भीर रूप से घायल हो गई। जिनको सूचना पर परिजनों ने आनन- फानन में जमुनहा बाजार स्थित निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। वहीं हालत में सुधार न होता देखकर चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज लखनऊ रेफर कर दिया। जिनको परिजनों ने निजी वाहन से ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। जिसको परिजनों ने घर लाकर अंतिम संस्कार कर दिया।

### अनियंत्रित होकर पलटी तेज रफ्तार कार तीन घायल

क्यूँ न लिखूँ सच -प्रेमचंद जायसवाल

श्रावस्ती-पड़ोसी जनपद में नवाबगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत बनकसही गांव निवासी चांदनी पुत्री शज्जाद ( 22 ), आशिफ पुत्र शज्जाद ( 10 ), सोनी पुत्री इदरीश ( 18 ) जो एक कार में सवार होकर मल्हीपुर की तरफ रिश्तेदारी में जा रहे थे। कि तभी श्रावस्ती जनपद के मल्हीपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बाबागंज मल्हीपुर मार्ग पर स्थित भगवानपुर भैंसाही गांव के पास कार अचानक नियंत्रण खो बैठी और जिसको चालक काबू नहीं कर सका और कार तेज रफ्तार के चलते अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे गहरे खड्ड में जाकर पलट गई। जिससे कार में सवार चांदनी, आशिफ व सोनी गंभीर रूप से घायल हो गई। जबकि चालक कूदकर अपनी जान बचाने में सफल रहा। वहीं स्थानीय लोगों ने 108 एम्बुलेंस की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मल्हीपुर में भर्ती कराया।

### नशा मुक्त पखवाड़े के तहत पुलिस ने आमजन को किया गया जागरूक

क्यूँ न लिखूँ सच -अरविन्द कुमार यादव

श्रावस्ती- जनपद में नशे से आजादी मुहिम 12 जून से 26 जून तक नशा मुक्त भारत पखवाड़ा अभियान के अन्तर्गत दवाओं के दुरूपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अन्तर्राष्ट्रीय दिवस के क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा समाज को नशा मुक्त करने हेतु अभियान चलाया जा रहा है। वहीं पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया के निर्देशन में जनपदीय पुलिस अधिकारी, कर्मचारीगण द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्र में जाकर आम जनमानस को चौपाल आयोजित कर नशीली दवाओं मादक पदार्थों के प्रयोग से होने वाले धन, स्वास्थ व परिवार के नुकसान तथा अवैध तस्करी के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। जिससे दुनिया में ज्यादा से ज्यादा लोगों को नशे की लत और उससे होने वाली मौतों से बचाया जा सके। वहीं यह भी बताया गया कि नशीले पदार्थों का दुरुपयोग न केवल समाज को खोखला बनाता है, अपितु नशीली दवाओं की तस्करी से अर्जित धन देश की सुरक्षा के खिलाफ प्रयोग में लाया जाता है। आप सभी नशे के विरुद्ध इस युद्ध में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले व अपने आस-पास हो रहे नशे के व्यापार की जानकारी सुरक्षा एजेंसियों को दें। जिससे सभी लोगों के सामूहिक प्रयास से नशे की समस्या को जड़ से मिटाया जा सकता है।

हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश . उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली ,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला व्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

# फिरोजाबाद बवाल की टाइमलाइन: पहली बार जेल गया था बंदी... नहीं था पुराना क्राइम रिकॉर्ड; पढ़ें कब क्या हुआ

उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में चोरी के आरोप में 19 जून को जेल भेजे गए बंदी की मौत के बाद बवाल हो गया। मृतक के परिजनों और लोगों ने शुक्रवार देर शाम न्यायिक जांच की मांग को लेकर हंगामा किया। पुलिस की एक बाइक पुलिस कर्मियों ने भागकर जान पथराव कर रहे लोगों को लाठियां भी मौके पर पहुंचे। थाना दक्षिण मामले में 17 जून को घर से आकाश की मौत की खबर जेल लोगों ने पुलिस प्रशासन व जेल बाद आकाश का शव परिजन को बैठ गए। मृतक के भाई सन्नी का लोगों ने एंबुलेंस को चारों ओर भाग खड़ी हुई। सीओ सिटी भी जान बचाने को घायल होने की खबर है। करीब देर में एसएसपी सौरभ दीक्षित पुलिस ने हिरासत में लिया है। के बाद कहीं न कहीं पुलिस की मौत का दोषी पुलिस व जेल



फूंक दी। पांच से छह राउंड गोलियां भी चलाई गईं। सीओ व सिटी मजिस्ट्रेट और अन्य बचाई। पांच पुलिस कर्मी भी घायल हो गए। एसएसपी ने टीम के साथ पहुंच कर फटकार कर खदेड़ा। चार लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। डीएम रमेश रंजन के नगला पचिया निवासी आकाश ( 27 ) को थाना दक्षिण पुलिस ने बाइक चोरी के हिरासत में लिया था। पुलिस ने उसे 19 जून को जेल भेज दिया था। शुक्रवार को प्रशासन से परिजन को मिली। पोस्टमार्टम हाउस पर राजनीतिक दलों व भीम आर्मी के प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी व धरना दिया था। शाम को पैनल से पोस्टमार्टम के दिया गया।हिमांयुपुर चौराहे पर एंबुलेंस को रोककर परिजन व अन्य लोग सड़क पर कहना था कि मेरे भाई की पिटाई से मौत हुई है। मामले की न्यायिक जांच की जाए। से घेर लिया। पुलिस ने उन्हें हटाने का प्रयास किया तो पथराव कर दिया। पुलिस टीम हिमांशु गौरव व सिटी मजिस्ट्रेट राजेंद्र कुमार के बगल से भी कई पत्थर निकले। वह भागे।फायरिंग भी पांच से छह राउंड की गई। पथराव में पांच पुलिस कर्मियों के भी 25 मिनट बाद एसपी सिटी सर्वेश कुमार मिश्र टीम के साथ मौके पर पहुंचे। कुछ ही भी आ गए। पथराव कर रहे लोगों पर जमकर लाठियां बरसाई गईं। चार लोगों को अधिवक्ता बोले, पुलिस ने झूठा मुकदमा लगाकर भेजा जेल- बंदी आकाश की मौत कार्यप्रणाली भी सवालों के घेरे में हैं। सैकड़ों की संख्या में पूरा समाज आकाश की प्रशासन को ठहरा रहा था। अधिवक्ता आनंद गौतम उर्फ अन्ना ठाकरे सहसचिव बार एसो. फिरोजाबाद का कहना है कि पुलिस ने उसे गलत तरीके से फंसाया है। एक ही दिन में दो मुकदमे जानबूझ कर दक्षिण पुलिस ने आकाश पर लगाए। उसने चोरी नहीं की थी। न चोरी का सामान बेचता था। दक्षिण थाना पुलिस के अपने अधिकारियों को खुश करने से लिए एक सच्चे आदमी की जेल भेज दिया गया। इससे वह बेहद आहत था। आनंद गौतम ने बताया कि दक्षिण पुलिस ने एक ही दिन में उस पर दो मुकदमा दर्ज कर दिए। एक मुकदमा अपराध संख्या 413/2024 व धारा 411 व 402 के साथ धारा 414 तमंचा लगाकर जेल भेज दिया। वहीं सीओ सिटी हिमांशु गौरव ने बताया कि आकाश का पुराना क्राइम रिकॉर्ड नहीं था। पहली बार ही जेल गया था।घटना की टाइमलाइन सुबह 4ः00 बजे जिला कारागार में बंदी की हालत बिगड़ी सुबह 5ः00 जेल प्रशासन ने उसे उपचार के लिए सरकारी ट्रामा सेंटर भेजा सुबह 5ः45 उपचार के दौरान बंदी की मौत सुबह 7ः00 मृतक के परिजन को जेल प्रशासन ने दी सूचना सुबह 10ः00 से पोस्टमार्टम गृह पहुंचे परिजन दोपहर 12ः00 राजनीतिक पार्टियों से जुड़े लोगों ने पीएम हाउस में डाला डेरादोपहर 1ः30 नगर विधायक मनीष असीजा पहुंचे पोस्टमार्टम गृह दोपहर 2ः00 बजे से परिजन के साथ भीम आर्मी व राजनीतिक पार्टियों ने पोस्टमार्टम गृह पर दिया धरना सरकारी शाम 5ः00 बजे पैनल टीम द्वारा कराया गया शव का पोस्टमार्टम शाम 6ः00 सरकारी एंबुलेंस से पीड़ित के घर भेजा गया था मृतक का शव शाम 7ः00 एंबुलेंस रोककर हिमायूंपुर चौराहे पर लगाया गया था जाम शाम 7ः30 पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे थे मौके



पर शाम 7ः45 बजे जुटने लगी थी समर्थकों की भीड़रात 8ः00 भड़क उठी थी हिंसा किया था पथराव रात 8ः05 बजे उल्टे पांव दौड़ पड़ी थी पुलिस रात 8.07 मिनट से 8ः32 तक पथराव व फायरिंग रात 8ः45 पुलिस टीम के साथ पहुंचे थे एसपी सिटी रात 8ः50 बजे दंगाइयों पर पुलिस ने बरसाई थी लाठियांरात 8ः55 बजे मौके पर पहुंचे थे प्रशासनिक अधिकारी रात 9ः30 तक थम गया हिंसा का माहौल20 जून की रात में बंदी आकाश की तबीयत बिगड़ गई थी। एनजायटी की समस्या से वह परेशान था। चिकित्सकों से परीक्षण कराया गया था। उस समय आराम मिल गया था। 21 जून सुबह पांच बजे एकाएक तबीयत पुनः खराब होने पर सरकारी ट्रॉमा सेंटर भेजा गया था। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।- एके सिंह, जेल अधीक्षक

# विधानसभा मटेरा कार्यकर्ता सम्मान समारोह का मटेरा स्थित जगदंबा देवी तारा देवी बालिका इंटर कॉलेज में किया गया आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच
अमरीक सिंह

बहराइच भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन दिन शनिवार को मटेरा स्थित जगदंबा देवी तारा देवी बालिका इंटर कॉलेज में किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष बृजेश पांडे, नवनिर्वाचित सांसद डॉक्टर आनंद गौड़ रहें। यह कार्यक्रम मटेरा विधानसभा के कार्यकर्ताओं का सम्मान समारोह का था जिसमें मटेरा विधानसभा के सभी मंडल के मंडल अध्यक्ष मंडल महामंत्री सभी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष मंडल महामंत्री मंडल पदाधिकारी सेक्टर संयोजक बूथ अध्यक्ष एवं अन्य कार्यकर्ता बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। सर्वप्रथम कार्यकर्ताओं ने अपने




नवनिर्वाचित सांसद डॉक्टर आनंद गौड़, जिला अध्यक्ष बृजेश पांडे का फूल माला पहनकर अंग वस्त्र देकर अभिवादन किया। इसके बाद डॉक्टर आनंद गौड़, जिला अध्यक्ष बृजेश पांडे के द्वारा अपने बूथ अध्यक्ष व अन्य कार्यकर्ताओं का माला पहनकर, अंग वस्त्र देकर भव्य स्वागत किया गया। पूर्व सांसद अक्षयवर लाल दौड़ ने बताया कि हमने चुनाव आप सभी देव तुल्य कार्यकर्ताओं की परिश्रम वी भगवान श्री राम के आशीर्वाद से जीत हासिल की है। हम कार्यकर्ताओं का बंदन अभिनंदन करते हैं कार्यकर्ता के हर सुख दुख में कम से कदम मिलाकर चलेंगे जिला अध्यक्ष बृजेश पांडे ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा, कि हमें निराश होने की जरूरत नहीं है बहराइच लोकसभा की दोनों सीट हमने जीती है। जनता ने हम पर विश्वास जताया है, हमारे कार्यकर्ता देव तुल्य कार्यकर्ता है। इस कार्यक्रम में जनपद बहराइच के कहीं जिला पदाधिकारी के साथ मटेरा विधानसभा संयोजक आलोक अग्रवाल मटेरा मंडल प्रभारी विश्वनाथ श्रीवास्तव मंडल अध्यक्ष कुश शुक्ला मंडल महामंत्री मनोज कुमार सिंह,बालकराम गिरी किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष अमरजीत सिंह किसान मोर्चा मंडल महामंत्री आशीष कुमार शर्मा, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष विक्की यादव, कोषाध्यक्ष विकास गोयल, लीलाधर पांडे, मंडल उपाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार मिश्र,राजा त्रिपाठी,आयूष अग्रवाल, अमरीश पाठक, मालदार,लखबीर सिंह, राजेश कुमार जायसवाल, राजेश कुमार गिरी, माधुरी पांडे, रंजीता कौर अवध क्षेत्र कार्यकारिणी सदस्य महिला मोर्चा मटेरा विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्ष मंडल महामंत्री सभी मोर्चा के मंडल पदाधिकारी बूथ अध्यक्ष सेक्टर संयोजक पन्ना प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे

# जमीन विवाद में आरोपियों पर कार्रवाई की बजाय बरती ढील, चौकी इंचार्ज पर गिरी गाज; किए गए निलंबित

जमीन विवाद में आरोपियों पर कार्रवाई की बजाय ढील बरती गई। मामले में चौकी इंचार्ज आरोपी पाए गए। एसएसपी ने उन्हें निलंबित कर दिया। उत्तर प्रदेश के मथुरा में जमीन विवाद में संतोषजनक कार्रवाई नहीं करने पर चौकी इंचार्ज को निलंबित किया गया है। आरोप है कि न तो कार्रवाई की गई और न ही निर्धारित समय पर आरोपियों को पाबंद किया गया। लापरवाही पर एसएसपी ने जाजन पट्टी चौकी प्रभारी प्रमोद शर्मा के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की। पीड़ित पक्ष ने शिकायत दर्ज कराई थी। चौकी इंचार्ज पर हमलावरों से मिलीभगत का आरोप लगाया था। घटना मगोर्रा थाना क्षेत्र के सेंहा गांव की है। यहां 10 दिन पूर्व जमीन विवाद का मामला सामने आया। गांव निवासी सुरेंद्र सिंह के घर पर 13 जून की सुबह करीब 8 बजे जमीन विवाद को लेकर गांव के ही 11 नामजदों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में पीड़ित सहित पांच महिलाएं बुरी तरह घायल हो गईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में में भर्ती कराया। पुलिस ने हमलावर सुशील, संतोष, शैलेन्द्, राहुल, पुष्पेंद्र, भगवान सिंह, जगदीश उर्फ जग्गो सहित चार महिलाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। घायलों में सुरेंद्र सिंह सहित मालती देवी, तृप्ति, मेनका, दुर्गेश शामिल रहे। पुलिस ने आरोपी राहुल, महिला चंद्रवती व नेहा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। यहां पहले भी दो बार इसी जमीन को लेकर हमलावर वारदात को अंजाम दे चुके हैं। पूर्व में मुकदमा दर्ज होने के बावजूद पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। पीड़ित सुरेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस हमलावरों से मिली हुई है। पूर्व के दो बार मुकदमा दर्ज होने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। थाना प्रभारी अवधेश जादौन ने बताया कि 10 दिन पूर्व पीड़ित पक्ष पर हमला किया गया था। चौकी प्रभारी ने समयावधि में कार्रवाई नहीं की। इससे मुकदमे में लापरवाही दिखाई दी। एसएसपी ने चौकी प्रभारी को निलंबित किया है।

आप अपना किसी भी प्रकार का विज्ञापन प्रकाशित कराये जैसे नीलामी सूचना, बेदखली सूचना,क्रय विक्रय सूचना आदि, वो भी कम कीमत में संपर्क करे - 927776991

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम योगी के आदेश को ठेंगा: अलीगढ़ जेडी हेल्थ धड़ल्ले से गाड़ी पर लगाकर चल रहे हूटर-फ्लैशर, नहीं दे पाए जवाब

अलीगढ़ में इगलास स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर निरीक्षण करने पहुंचे संयुक्त स्वास्थ्य निदेशक अनुपम भाष्कर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के वीआईपी कल्चर समाप्त करने के स्पष्ट आदेशों का उल्लंघन करके सरकारी गाड़ी पर हूटर व फ्लैशर




लगाकर चल रहे हैं।यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ के वीआईपी कल्चर समाप्त करने के आदेश को अलीगढ़ के जेडी हेल्थ ठेंगा दिखाते नजर आ रहे हैं। वह हूटर और फ्लैशर लगी सरकारी गाड़ी से निरीक्षण कर रहे हैं। जब जेडी हेल्थ से सीएम के हूटर-फ्लैशर हटाने के आदेश के बारे में पूछा गया तो वह निरूत्तर हो गए। अलीगढ़ में इगलास स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर निरीक्षण करने पहुंचे संयुक्त स्वास्थ्य निदेशक अनुपम भाष्कर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के वीआईपी कल्चर समाप्त करने के स्पष्ट आदेशों का उल्लंघन करके सरकारी गाड़ी पर हूटर व फ्लैशर लगाकर चल रहे हैं। जब संयुक्त स्वास्थ्य निदेशक से मुख्यमंत्री के आदेश के बारे में पूछा गया तो वह यह भी नहीं बता सके कि आदेश कब जारी हुआ ? संयुक्त स्वास्थ्य निदेशक अनुपम भाष्कर ने कहा कि मुख्यमंत्री के आदेशों का पालन करेंगे। कब करेंगे इस सवाल के जवाब में वह निरूत्तर दिखे। अलीगढ़ में पुलिस अधिकारी भी सीएम के आदेश का पालन कराने के लिए अभी तक अभियान भी नहीं चला पाए हैं।

### चाची-भतीजी पर गिरी आकाशीय बिजली, एक की मौत; दूसरे की हालत गंभीर; मचा कोहराम

परिवार वाले जब तक कुछ समझ पाते, अंजलि ने दम तोड़ दिया, जबकि सुमन झुलसकर वहीं अचेत हो गईं। आवाज सुनकर घर से बाहर आए अंजलि के पिता रामचंद्र ने दोनों को गंभीर हालत में देखा और तुरंत निजी साधन से उन्हें सीएचसी नौगढ़ ले गए। चंदौली के चकरघट्टा थाना क्षेत्र के पंचायत



जरहर के दानौगढा गांव में शनिवार को हुई बारिश के दौरान बिजली गिरने से अंजलि ( 13 ) की मौत हो गई। इस हादसे में अंजलि की चाची सुमन भी गंभीर रूप से झुलस गईं। दोनों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ( सीएचसी ) नौगढ़ लाया गयाचिकित्सकों ने अंजलि को मृत घोषित कर दिया और सुमन की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना क्षेत्र के पंचायत जरहर के राजस्व गांव दानौगढा में शनिवार की दोपहर हल्की बूंदाबांदी हो रही थी। घर में उमस के कारण अंजलि अपनी चाची सुमन के साथ बरामदे में बैठी थी। अचानक, आसमान में तेज गर्जना हुई और बिजली गिर गई, जिससे दोनों इसकी चपेट में आ गए।सीएचसी नौगढ़ के चिकित्सक डॉ. अजीत सिंह ने अंजलि को मृत घोषित कर दिया। सुमन की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। इस घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# घरेलू कलह के चलते महिला ने दो बेटों के साथ खाया जहरीला पदार्थ, तीनों की मौत

यूपी के हमीरपुर जिले में घरेलू कलह के चलते महिला ने दो बेटों के साथ जहरीला पदार्थ निगल लिया। जिसके बाद तीनों की मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। हमीरपुर जिले में घरेलू कलह के चलते पदार्थ निगल लिया। पहले पति छोड़कर जा गांव निवासी मोहिनी ( 05 ) और हर्ष उर्फ में मजदूरी करती थी। आ गई थी।भाई से



महिला ने अपने दो बेटों के साथ जहरीला जिससे तीनों की मौत हो गई। ढाई साल चुका है। मुस्करा थाना क्षेत्र के बंडवा ( 26 ) पत्नी हेमंत ने अपने बेटों गौतम आशू ( 03 ) के साथ पति के साथ दिल्ली 15 दिन पहले वह अपने मायके बंडवा कहासुनी के बाद शनिवार को कस्बे के बैंक आफ बड़ौदा के पास अपने दोनों बेटों के साथ जहरीला पदार्थ खा लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों को अस्पताल पहुंचाया जहां तीनों की मौत हो गई। मुस्करा थाना प्रभारी शशि पांडेय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर पीवी सील पीडिलाइट कंपनी द्वारा योग शिविर का आयोजित

क्यूँ न लिखूँ सच -राकेश गुप्ता

शामली- शुक्रवार की देर शाम को हनुमान टील्ला अग्रसेन पार्क में अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर पी वी सील पीडिलाइट कंपनी ने प्लंबरो की मिटिंग ली और एक योग शिविर का आयोजन किया। इस योग शिविर में काफी संख्या मे शामली जिले के पलंबर भाईयो ने भाग लिया। इस योग शिविर में कंपनी के राहुल कुमार ने इस अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर पलंबर तथा लोगों को योग की अहमियत के बारे मे विस्तार से जानकारी दी। योग के महत्व की जानकारी अनुज गोयल ने दी और कहा कि योग करने से आज के इस दौड़-भाग माहौल से अपने आपको ठीक और स्वास्थ्य कर एक अच्छा जीवन जी सकते है तथा




अपने जीवन को रोग से बचा सकते है इसको करने के लिए थोड़े जागरूक होने तथा अपने लिए कुछ समय निकालकर जीवन को निरोग कर अच्छा जीवन जी सकते है। आज देश मे हर व्यक्ति हर हाल मे एक दूसरे से आगे बढ़ने की संभावना करते हुए निरंतर प्रयास रट है लेकिन इस के लिए अपने जीवन के स्वास्थ्य का किसी को कोई परवाह नहीं। गलत खान-पान के कारण लोगो का दिन प्रति दिन स्वास्थ्य गिरता जा रहा है आगे बढ़ना अच्छी बात लेकिन अपना तथा अपनों के स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी एक जिम्मेदारी का काम है। धन्यवाद देते हैं उन महान व्यक्तियो का जिन्होंने स्वास्थ्य के लिए योग को जीवन मे अग्रसर कर लोगों के स्वास्थ्य की चिंता की और लोगों को स्वास्थ्य रहने का योग दिया। आप सभी से निवेदन की अपनी और अपने देश को उन्नति के लिए स्वास्थ्य रहना तथा रखना हमारी सभी की नैतिक जिम्मेदारी है आओ हम सब मिलकर योग करते हुए एक अच्छे भविष्य को कामना करते हुए योग को अपने जीवन में सर्वोपरी करे। कार्यक्रम के पाश्चात् सभी ने भोजन ग्रहण किया। इस मौके पर सभी प्लंबर भाई मुख्यत: राहुल कुमार, अनुज गोयल मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# लोडर मालिक नें ही पांच लाख रूपये गायब किये सूचना दी पुलिस नें चोरी किये गये 5 लाख रूपये भी बरामद किये

क्यूँ न लिखूँ सच -हारून बख्श

फर्रुखाबाद - फर्रुखाबाद कायमगंज मे व्यापारी के लोडर मालिक नें ही पांच लाख रूपये गायब किये थे जिसके बाद पुलिस नें विवेचना में लोडर मालिक को गिरफतार कर लिया कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नई कालोनी पाठक निवासी नकुल शाक्य पुत्र शोहन लाल नें शिकायत कर कहा था कि उसके पूर्व परिचित लोडर मालिक जबर सिंह पुत्र वीरेंद्र निवासी धमधमा लहरा शमशाबाद के साथ दुकान का सामान लेनें के लिए लोडर से एक झोले में पांच लाख रूपये रखकर बैठ गया रास्ते में टेढ़ीकोन चौराहे पर पंहुच कर अचानक नकुल को शौच आयी और रूपये वह लोडर के डेस्कबोर्ड पर रखकर चला गया कुछ देर बाद जबर सिंह नें फोन पर बताया कि तीन लोग बाइक पर सबार होकर आये और झोला लेकर फरार हो गये पुलिस नें शक होनें पर जबर सिंह को दबोचा तो उसने बताया कि उसी नें रूपये ले जाकर झाड़ियों में छुपा दिये और नकुल को लूट की फर्जी सूचना दी पुलिस नें चोरी किये गये 5 लाख रूपये भी बरामद किये



# साइबर ठगी में चिकित्सक के साथ नाइजीरिया का आरोपी दिल्ली से गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच -हारून बख्श

फर्रुखाबाद - फर्रुखाबाद पुलिस ने चिकित्सक के साथ साइबर ठगी करनें के मामले में नाइजीरिया के आरोपी को गिरफतार किया है शहर के सघबाड़ा स्ट्रीट निवासी अशोका हास्पिटल के डायरेक्टर डा. अमित शुक्ला की पत्नी शिवानी ने पुत्र आर्यन की आँखों के इलाज के लिए फेसबुक पर विज्ञापन देखकर बात की तो तथाकथित चिकित्सक डा. एलेक्स जे बिल द्वारा धोखाधड़ी कर दवा भेजने के नाम पर कुल 3.19000 की ठगी कर ली गयी जिसमे मुकदमा दर्ज किया गया था विवेचना साइबर थाना प्रभारी राजीव कुमार द्वारा की गयी पुलिस लाइन सभागार में एसपी विकास कुमार नें बताया कि विवेचना के दौरान प्रकाश में आये आरोपी ओलाटोय ओलाडेले क्वासिम पुत्र ओलाडेले क्वासिम निवासी ब्रांस स्ट्रीटलागोस नाइजीरिया को चन्दन नगर वीर बाजार रोड थाना निहाल बिहार दिल्ली से गिरफ्तार किया उसके पास से एक मोबाइल टोक्यो स्पार्क बरामद हुआ



# स्थापना दिवस पर हुए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम

क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा।शनिवार को खंडेलवाल कॉलेज का तेईसवां स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रबंधक निदेशक डॉक्टर विनय खण्डेलवाल, प्राचार्य डॉक्टर आरपी सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तथा केक काटकर संस्थान का स्थापना दिवस मनाया।बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।शिक्षा के क्षेत्र में पिछले तेईस वर्षों से के0सी0एम0टी 0विद्यार्थियों को अच्छी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का कार्य कर रहा है, जिसके चलते पूरे प्रदेश एवं भारत में कई एचीवमैंट्स व पुरस्कार प्राप्त कर चुका है। हर वर्ष यहां के विद्यार्थी प्रदेश में एवं मंडल में टॉप करते हैं। इस मौके पर प्रबंध निदेशक डॉक्टर विनय खंडेलवाल ने कहा कि हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को अच्छी शिक्षा देने का है ।जिसके लिए हमारे शिक्षक हमेशा प्रयासरत रहते हैं। विद्यार्थियों के छुपे टैलेंट को निखारने का कार्य करते हैं। इस मौके पर प्रचार्य डॉक्टर आरपी सिंह,प्रशासनिक अधिकारी राकेश चतुर्वेदी, लेफ्टिनेंट रचना, डॉक्टर चंचल श्रीवास्तव,मुनीश कुमार, मनोज जोशी, डॉक्टर प्रमोद गौड़ ,रजत कपूर, कल्पना कटियार, डॉक्टर शिव स्वरूप, सविता सक्सेना,निशा दिनकर, अजीत वर्मा आदि मौजूद रहे




# ट्राली पलटने से वृद्धा की मौत 19 घायल

क्यूँ न लिखूँ सच -हारून बख्श

फर्रुखाबाद - मोहम्मदाबाद थाना मेरापुर के गांव लाहोरी निवासी धर्मेंद्र की पुत्री का मुंहमोर करने के लिए बाबा लक्ष्मण दास नीव करोरी ट्रैक्टर से आए थे धर्मेंद्र का भाई पुष्पेंद्र ट्रैक्टर चला रहा था पंचम नगरिया मोड पर स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज के सामने बाइक को बचाने के चक्कर में धर्मेंद्र ने ट्रैक्टर को एकदम काट दिया जिससे मौके पर ट्राली पलट गई जिसमें बैठे लगभग 30 लोगों में 20 घायल वएक वृद्धा की मौत हो गई है चिकित्सा प्रभारी गौरव यादव तथा इमरजेंसी में ड्यूटी कर रहे डॉक्टर सनी मिश्रा ने 15 लोगों को रेफर किया गुंजन पत्नी आशीष कुमार उम्र 25 वर्ष, अपूर्वा पुत्री कुंवर सिंह उम्र 17 वर्ष, सुनीता पुत्री बालेश्वर उम्र 40 वर्ष, जलेव श्री पत्नी महावीर उम्र 60 वर्ष, रजनी पुत्री नेत्रपाल उम्र 18 वर्ष, सोना पुत्री तेज सिंह15 वर्ष, पूनम पुत्री ग्रीश चंद्र 15 वर्ष, तनु पुत्री कुंवर सिंह 17 वर्ष, मुन्नी देवी पत्नी अवधेश 45 वर्ष, हेमा पुत्री राजेश्वर 15 वर्ष,शेजल पुत्री मनोज 15 वर्ष, मोहनी पुत्री पोप सिंह 18 वर्ष, अनीता पत्नी अरविंद 50 वर्ष, संध्या पुत्री ग्रीस सिंह को रेफर किया।घायलों का उपचार चल रहा है मुन्नी देवी पत्नी स्वर्गवासी रामपाल की 45 वर्षीय की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई जिसकी पुष्टि डॉक्टर सन्नी मिश्रा ने की।मौके पर कोतवाली प्रभारी मनोज भाटी अपराध निरक्षक निर्भय सिंह थाना पुलिस के साथ पहुंचे।



# चलती मिनी बस में बनी आग का गोला, छह छात्र समेत नौ ने कूद जान बचाई, प्रवेश परीक्षा देने जा रहे थे एमयू

संभल से अलीगढ़ जा रहे छात्रों की मिनी बस में अचानक आग लग गई। सभी नौ लोगों ने बमुश्किल कूदकर जान बचाई। आसपास के लोगों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की मगर तब तक वाहन पूरी तरह जल चुका था। कैला देवी थाना क्षेत्र में संभल-गंवा मार्ग पर शनिवार सुबह करीब आठ बजे गांव लखनपुर के नजदीक मिनी बस में आग लग गई। वाहन में छह छात्र समेत नौ लोग सवार थे। छात्रों को अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में प्रवेश परीक्षा देने जाना था। अचानक से आग लगी तो सभी ने कूद कर जान बचाई।दमकल की टीम की नहीं पहुंची तो राहगीरों ने आसपास से पानी लाकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। तब तक मिनी बस पूरी तरह जल चुकी थी। नगर के मोहल्ला चौधरी सराय, दीपासराय और सरायतरीन के छह छात्र अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में पढ़ाई करते हैं। अगली कक्षा में प्रवेश के लिए उनकी प्रवेश परीक्षा शनिवार को थी।इसलिए वह मिनी बस से जा रहे थे। बस में छह छात्रों के अलावा एक चालक और दो अन्य लोग सवार थे। बस चालक मोहम्मद यासीन ने बताया कि छात्रों को लेकर जाते समय संभल-गवां मार्ग पर अचानक से बस से धुंआ निकलने लगा। छात्र व अन्य लोगों को तत्काल बस से बाहर निकाला। इसके बाद अचानक से बस में आग लग गई। मिनी बस में आग लगने की सूचना के बाद मौके पर कैलादेवी थाने के कार्यवाहक प्रभारी हरेंद्र यादव पहुंचे। घटना की जानकारी ली गई। थाना प्रभारी ने बताया कि वायरिंग में शॉट सर्किट होने से आग लगने की जानकारी चालक ने दी है। वहीं दूसरी ओर हादसे के बाद सभी छात्र दूसरे वाहन से अलीगढ़ के लिए रवाना हो गए।



## संक्षिप्त समाचार

### नेहरू मार्केट युवा मंडल द्वारा ठंडी छाछ का वितरण

क्यूँ न लिखूँ सच -राकेश गुप्ता

शामली- प्रभु की इच्छा तक नेहरू मार्केट युवा मंडल शामली द्वारा स्नेह निमंत्रण ज्येष्ठ माह के उपलक्ष में तथा हो रही भीषण गर्मी में राहत दिलाने हेतू ठण्डी छाछ का वितरण नेहरू मार्किट शामली में किया। इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोगो ने ठण्डी छाछ का आनंद लिया और गर्मी से राहत ली। इस मौके पर नेहरू मार्केट युवा मंडल के सदस्यों संगल शरद नामदेव निखिल संगल रवि अरोड़ा नीरज गुप्ता सुनील संगल रूचिन गुप्ता शिवम गुप्ता राहुल जैन साहिल बबर आदि उपस्थित रहें।



### श्री लक्ष्मी नारायण सेवा समिति शामली द्वारा बाबा खाटू श्याम सालासर दर्शन करने के लिए बस रवाना हुई

क्यूँ न लिखूँ सच -राकेश गुप्ता

शामली- श्री लक्ष्मी नारायण सेवा समिति शामली द्वारा बाबा खाटू श्याम सालासर दर्शन करने के लिए आज एक डीलक्स हनुमान टीला हनुमान धाम पालिका मार्केट के आगे से रवाना हुई जिसमें मुख्य अतिथि श्री ललित जैन ने बस को हरी झंडी देकर रवाना किया और कहा कि हमारे राकेश भाई धर्म के प्रति जग कल्याण के लिए एक अच्छा कार्य कर रहे हैं जो की समय की परवाह न करते हुए धर्म के पथ पर हमेशा कार्य करते रहते है राकेश भाई धर्म के कार्य करने के लिए बधाई के पात्र है शामली से बाबा खाटू श्याम बाबा दर्शन करने के लिए काफी संख्या में बाबा खाटू श्याम का भजन-कीर्तन करते हुए भक्ताजन बस में सवार हुए। समिति अध्यक्ष पत्रकार राकेश संगल सचिव अंयाश संगल खुशी संगल वैष्णवी संगल अमित कुमार राधेश्याम हलवाई अनुज कुमार अजय ठाकुर विजय संगल विकास गर्ग छोटू गर्ग दिवस चंद्रशेखर नीरज मित्तल वंश राजपूत कुलदीप कुमार मनीष संगल नितिन रहेला पिंटू कुमार सत्येंद्र कुमार आदि भक्तजन सवार हुए।




### ज्येष्ठ की पूर्णिमा पर व्यापारियों ने राहगीरों को शर्बत पिलवाया

क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा। भीषण गर्मी से राहत के लिए ज्येष्ठ की पूर्णिमा शनिवार को दवा व्यवसाई वीरेन्द्र कुमार शुक्ला, गल्ला आढ़ती व्यापारी राजकुमार गुप्ता, गिरीश गुप्ता ने राहगीरों को शर्बत पिलवाया। राहगीरों ने शर्बत पीकर राहत की सांस ली ,इस पुनीत कार्य में सुनीति शुक्ला, कपिल शुक्ला, मयंक शुक्ला,अजय गुप्ता,संजय गुप्ता,पोशाकी गुप्ता, अतुल गुप्ता, आदि का विशेष सहयोग रहा।



दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# Big disclosure about increasing kidney cancer among youth, disease is increasing due to these reasons

Young people are becoming victims of kidney cancer due to increasing smoking habit, obesity and high blood pressure problem. At the same time, this problem has become more severe due to increasing pollution in metro cities. Experts say that till 10 years ago, more than 90 percent of the patients coming to Delhi hospitals were above 60 years of age. With time, people's lifestyle deteriorated. Due to all these factors, now more than 40 percent of the patients coming to the hospital are between 40 to 50 years of age, whereas 10 years ago this figure was less than 10 percent. What do experts say? Dr. Hemant Kumar Goyal, head of the Urology Department of Dr. Ram Manohar Lohia Hospital, said that till 10 years ago, 90 percent of the patients were above 60 years of age, but at present the number of patients above 60 years of age has come down to 60 percent. About 40 percent of the patients are coming in the age group of 40 to 50 years. Most of these patients are in the advanced stage. Doctors say that its symptoms are not visible in the initial stages. Men are at higher risk of kidney cancer- Dr. Himanshu Verma, head of the nephrology department at Safdarjung Hospital, said that men are three times more likely to get kidney cancer than women. Keep these things in mind: Get regular checkups done after the age of 50. Be cautious if there is pain in the stomach or back, or blood in urine. Those suffering from smoking, obesity, high blood pressure should get tested after 40. Those who have someone in their family suffering from this disease should get tested after 40. Timely diagnosis is important- If kidney cancer is caught in the early stages, the chances of recovery increase. Doctors say that a 45-year-old patient came to Safdarjung Hospital for treatment with blood in urine and other complaints. Dr. Himanshu Verma's team examined him in the nephrology department. The examination revealed that the patient has only one kidney. Cancer has developed in that too. This case was quite challenging. The patient's kidney could not be removed. So he was admitted to the hospital and after a complete examination, the said part of the cancer-affected kidney was removed. After the surgery, the patient was put on dialysis. The patient was kept admitted to the hospital for two months. During this time, urine started passing slowly. Later, after a complete examination, the doctor discharged him. Currently, he is living a normal life. The doctors said that this case was in the initial stage. If the patient had reached the advanced stage, it would have been difficult to save him.



# Salt is as dangerous for diabetics as sugar, does it also increase sugar?

Diabetes is a rapidly growing health problem globally, the risk of which is being seen even in younger people. There can be a risk of increased blood sugar levels and problems caused by it due to dietary and lifestyle disorders. Especially what you eat, it directly affects the sugar level. This is the reason why people who have diabetes are advised to reduce the consumption of sweet things (sugar items). But do you know that excessive consumption of salt can also be harmful for diabetics just like sugar? Do salty things also affect the sugar level? Why are diabetics asked to reduce its consumption? Let's know about this.



Take special care of diet in diabetes - Researchers at the University of Rochester said that people with diabetes should limit the amount of salt (sodium) in the diet just like sugar. Salt intake does not directly affect blood sugar, but it can cause the risk of developing high blood pressure, kidney disease and heart disease. The risk of all these diseases has been seen more in people suffering from diabetes. In such a situation, if the amount of sodium in your diet is high, then improve it. Salt is also harmful for diabetes patients - The American Diabetes Association (ADA) estimates that two out of three people with diabetes may have high blood pressure. Apart from this, the risk of heart disease or stroke in them is twice as high as in other people. The World Health Organization advises all people to consume no more than 2,000 milligrams of salt and 35 grams of sugar per day. People who have diabetes need to be more careful about its quantity. Heart-kidney and blood pressure problems - Excessive amount of salt alone can be harmful to your overall health. Due to excess salt, first of all you become a victim of high blood pressure, which increases the risk of heart disease-heart attack. Apart from this, excess salt is also considered harmful for the kidneys. The problem of kidney diseases is more in people suffering from diabetes. This is the reason that both excess salt and sugar are harmful for health in many ways. So what to eat? - To control blood sugar levels and avoid the risks of problems like high blood pressure-cholesterol, increase the amount of things in the diet that are rich in fiber. High fiber diet can be helpful in reducing many types of complications caused by diabetes. Including plant-based things, green vegetables and seasonal fruits in the diet can help in reducing health complications.

# If you want to buy a saree in summer, then take a look at Bhagyashree's collection

Saree is such a dress that you can easily carry it from office to party. Its look looks quite different after wearing it. Especially if we talk about today's girls, then girls nowadays like to wear saree a lot. They try to spread their charm by wearing saree in every event, but wearing saree in summer season is a bit troublesome. If you want to buy a saree for yourself in summer season, then you can take a look at the collection of famous Bollywood actress Bhagyashree. Although the actress has a very beautiful collection of sarees, but if we talk about her summer collection, then she has more than one saree to wear in summer. In such a situation, if you are thinking of buying a saree, then after taking a look at her collection, buy the perfect saree for summer. So that your look looks the most beautiful. Light shade- If you want to wear a saree in summer season, then you can take a look at this look of Bhagyashree. This light shade saree looks very beautiful. There is very light work on this saree, which is making it different from the rest. Tie and Dye Saree- This kind of tie and dye shade looks very pleasant in the summer season. When you wear this pink and white tie and dye saree, people will not be able to take their eyes off you. This kind of print gives a very cool vibe in summer. Yellow Floral Print- If you like floral print, then this saree is a better option for you. Such a saree is quite simple. In such a situation, be a little careful while wearing a blouse with it. Keep your makeup light with this kind of saree, so that your look looks beautiful. Frill Saree- If you are thinking of wearing a saree of a different color in summer, then such a frill saree looks amazing. It also looks quite different. The color of this saree of Bhagyashree is also quite different. In such a situation, you can also include such a saree in your collection. Lavender Floral Saree- Nowadays girls are liking lavender color a lot. In such a situation, if you want, you can carry such a lavender colored floral saree. Colourful flowers look very beautiful on this lavender coloured saree. Sunflower print- Such sunflower print saree will help you look beautiful in summer season. Such saree looks good on chiffon fabric only. Chiffon fabric also provides a lot of comfort in summer season. So you can also include such saree in your collection.



# Who is she, is she beautiful? Annu Kapoor gives shocking statement on Kangana Ranaut's slapping incident

Actor Annu Kapoor has reacted to actress-politician Kangana Ranaut being slapped by a CISF constable at the Chandigarh airport. The actor first tried to avoid the matter by refusing





to identify her, but then said that she should have resorted to legal action. Annu spoke about the incident during the press conference of his latest release 'Humare Barah'. When the actor was questioned about the incident, he said, "Who is this Kangana ji? Please tell me who is she? Obviously if you are asking, then she must be some very big heroine? Is she beautiful? At that time, a media person pointed out that the actress is now the newly elected MP from Mandi, to which Annu said, "Oho she is also there! She has become very powerful now.' On being asked this question repeatedly, the actor shared that Kangana should take legal action against the personnel who slapped her, because if he were in her position, he would have done the same. A few days after winning the Lok Sabha elections in Mandi, Himachal Pradesh under the Bharatiya Janata Party ticket, Kangana was going to New Delhi for a meeting of the National Democratic Alliance, which also includes the BJP. During this, Kangana alleged that when she was crossing the security system at Chandigarh International Airport, a CISF constable named Kulwinder Kaur slapped her in the face. Kangana claimed that the reason for this was her recent comment on Khalistan. After this, an FIR was registered against Kulwinder. After the incident, many Bollywood celebrities took Kangana's side. Also, those stars came in support of Kangana with whom she has had a long-standing dispute. This includes her alleged ex-boyfriend Hrithik Roshan, Alia Bhatt, Zoya Akhtar and Soni Razdan, among others. Veteran actress Shabana Azmi also wrote on Instagram that though she has no love for Kangana, she condemns the violence against her.


# Promo of the second song of 'Greatest of All Time' released, fans get a special gift before Vijay's birthday

South superstar Vijay is currently busy with the production of his much-awaited film 'Goat:






Greatest of All Time'. The craze of the film is already prevalent among the audience. The audience is getting new information about the film every day, which is increasing their excitement. At the same time, now once again some interesting information has come out for the audience. The makers have given a big update about the film before Vijay's birthday, which is related to the song of 'Goat'. The makers have finally released the promo video of the second single of the film 'Chinna Chinna Kangal'. The second song is even more special for music lovers, as Vijay himself has sung this song and the voice of the late Bhavatharini has also been used in it with the help of Artificial Intelligence (AI).



# Who is Sana Sultan? She is entering Bigg Boss OTT 3, once started her career as a blogger

Today the third season of the popular reality show Bigg Boss OTT is starting. This time there are many interesting things in this show. The biggest change is the host of this show. This time Anil Kapoor will be seen hosting Bigg Boss. Anil Kapoor is also making his debut as a host through 'Bigg Boss OTT 3'. A glimpse of Bigg Boss house has also come out. Along with this, information is also coming about the participants. This time most of the social media influencers will add to the beauty of this show. One of these names is also Sana Sultan. Let's know about her... A glimpse of Sana Sultan has also come out in a promo that has come out. With this it has been confirmed that Sana Sultan is also going to make a splash in the reality show this time. Sana Sultan is a model and actress. Apart from this, she is also a famous social media influencer. She started her career as a blogger. Sana has a strong fan following on social media. Sana Khan is also known as 'Queen Khan'. After starting her career as a blogger, Sana started as a model by making Dubsmash videos from 2014 to 2015. During that time there was a tremendous craze for such videos. Sana soon became famous. After this, she started making videos on TikTok. Her videos started trending and the number of her followers kept increasing. After this, Sana Khan started modeling. She appeared in many advertisements. After winning the title of 'UC Miss Cricket' in 2019, she was also featured on Billboard New York's Times Square Building. Sana is also known for superhit music videos like Punjabi singer and actor Sherry Mann's 'Dilwale', Kaka's 'Gustakhi', B Prak's 'Roohedariyan', Jazzy B and Milind's 'Gaba Ki Jodi'. Sana Sultan Khan has appeared in Hindi short films like 'Lost Dream' (2016) and 'An Everlasting Love' (2019). Sana is also very popular on Instagram. She has around 6.5 million followers on this platform.

